Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 338 | गुरुवार, 11 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बहुत जल्द मुलाकात पर सहमत

# पीएम मोदी-नेतन्याहू की बातचीत के बाद इस्राइल पीएमओ का बयान

**येरूशलम।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार (10 दिसंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। जिसमें दोनों नेताओं ने 'बहुत जल्द' मुलाकात करने पर सहमति जताई है। यह जानकारी इस्राइल प्रधानमंत्री कार्यालय ने साझा की। नेतन्याहू और पीएम मोदी के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बारे में बताते हुए इस्राइल पीएमओ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया।

पीएमओ की ओर से सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा गया, ह्लगर्मजोशी भरी और मित्रतापूर्ण बातचीत के अंत में दोनों नेताओं ने बहुत जल्द मिलने पर सहमति दी।ह्व मालूम हो कि दोनों नेताओं ने आपसी बातचीत में भारतझ्रइस्राइल रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। इस्राइली प्रधानमंत्री की यह बहुप्रतीक्षित यात्रा दोनों तरफ से कई उच्च-स्तरीय मंत्री स्तरीय यात्राओं के बाद होगी।

दोनों देशों ने स्मोट्रिच की यात्रा के दौरान एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए और फिर पिछले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्री



पीयूष गोयल की इस्राइल यात्रा के दौरान एफटीए की ओर ले जाने वाले नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर किए।

हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दिल्ली धमाकों के बाद सुरक्षा कारणों से नेतन्याहू ने भारत की यात्रा स्थगित कर दी है, लेकिन इस्राइल पीएमओ ने इन दावों को खारिज कर दिया था। साथ ही इस्राइल ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था पर 'पूरा भरोसा' जताते हुए कहा कि नेतन्याहू की यात्रा को लेकर दोनों देश तारीखों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

### फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के अंतिम चरण में दोनों देश

इस साल इस्राइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज, अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री नीर बरकत, कृषि और खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचटर तथा वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच भारत का दौरा कर चुके हैं। ये सभी दौरे दोनों रणनीतिक साझेदार देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने की दिशा में बढ़ते कदमों को दर्शाते हैं।

## दिल्ली-मुंबई में इंडिगो की बड़ी कटौती, 220 फ्लाइट कैंसिल, यात्रियों में हड़कंप

**मुंबई।** इंडिगो ने बुधवार को दिल्ली और मुंबई सहित तीन प्रमुख हवाई अड्डों पर लगभग 220 उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने दावा किया था कि एयरलाइन का परिचालन फिर से पटरी पर आ गया है। सूत्रों के अनुसार, संकटग्रस्त एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 137 उड़ानें और मुंबई हवाई अड्डे पर 21 उड़ाने रद्द कर दीं। सूत्रों के अनुसार, इंडिगो ने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 61 उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें 35 आगमन और 26 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं। एल्बर्स ने मंगलवार को दावा किया था कि एयरलाइन ह्यह्यफिर से पटरी पर आ गई है" और इसका संचालन ₹स्थिर₹ है, जबकि सरकार ने इंडिगो के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में 10 प्रतिशत या प्रतिदिन स्वीकृत लगभग 2,200 उड़ानों में से लगभग 220 उड़ानों की कटौती की है। इंडिगो ने अकेले मंगलवार को छह महानगरों से 460 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एल्बर्स ने यह भी कहा कि लाखों ग्राहकों को उनके टिकट का पूरा शुल्क लौटाया जा चुका है। हालांकि, उन्होंने कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई, लेकिन उन लोगों को मुआवजे के मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी जिनकी उड़ानें अचानक रद्द कर दी गईं।

## उत्तर भारत में ठंड ने पकड़ी रफ्तार

# पहाड़ों में बर्फबारी, पंजाब-हरियाणा, दिल्ली में शीतलहर

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा सप्ताह उत्तर भारत के लिए कड़ाके की ठंड लेकर आया है। जम्मूझ्रकश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी शुरू होने के साथ कई शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली से लेकर पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ तक शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है, जबकि पश्चिमी विक्षोभ और तेज जेट स्ट्रीम के सक्रिय होने से पूरे उत्तर और पूर्व भारत में पारा सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। उच्च स्तरों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और लगभग एक सौ बीस नॉट्स की रफ्तार से बह रही उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम ने उत्तर भारत में ठंड को तेजी से बढ़ा दिया है।

उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, विजिबिलिटी में बड़ी गिरावट की आशंका है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में दस से तेरह दिसंबर तक घने कोहरे की स्थिति बनने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, बस्ती, सिद्धार्थनगर और आसपास के मैदानी इलाकों में सुबह के समय दृश्यता बेहद कम हो सकती है। तापमान में मामूली गिरावट और



नमी बढ़ने से कोहरा देर तक छाए रहने की संभावना है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो सकता है। विभाग ने लोगों को सुबह के समय यात्रा के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### दिल्ली में पड़ने वाली है कंपकंपाने वाली ठंड

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। ऐसे में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। हालांकि, शीतलहर को लेकर किसी तरह का अलर्ट विभाग ने जारी नहीं किया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में लगभग 2–3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान आसमान मुख्यत: साफ रहेगा और उसके बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। रात में कुहासा या धुंध छाई रहेगी। सुबह के समय हल्का कोहरा रहेगा। इधर, बुधवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक बनी हुई थी। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे–वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। इसी बीच अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक रहा।

## 200 करोड़ के करीब पहुंची धुरंधर, 13 दिनों बाद बॉक्स ऑफिस पर पस्त हुई तेरे इश्क में

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर आज कल सिर्फ धुरंधर की धूम देखने को मिल रही है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और लोगों से प्रशंसा हासिल कर रही है। इस बीच धनुष और कृति सेनन की तेरे इश्क में भी सिनेमाघरों में बनी हुई है। जानिए अब बुधवार को इन फिल्मों का रहा कैसा हालङ्ग

रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और आर माधवन जैसे स्टार्स से सजी धुरंधर को आम दर्शकों से लेकर सेलेब्स तक लगातार सराह रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी तेज रफ्तार से भाग रही है। सिर्फ छह दिनों में ही फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंच गई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही अपनी रफ्तार बनाए हुए है।

धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरूआत 28 करोड़ रुपए के साथ की थी। इसके बाद वीकेंड पर फिल्म ने शनिवार-रविवार को




मिलाकर 75 करोड़ रुपए की कमाई की और तीन दिनों में 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया। सिर्फ पांच दिनों में 150 करोड़ का आंकड़ा छूने वाली धुरंधर के छठे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। फिल्म ने छठे दिन बुधवार को 26.50 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं गुरुवार को सुबह तक ही फिल्म 5 लाख रुपए जुटा चुकी है। इस तरह से छह दिनों में फिल्म की कुल कमाई 179.80 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। उम्मीद है कि फिल्म आज 200 करोड़ के क्लब में एंट्री कर जाएगी।

धुरंधर के सामने भी धनुष और कृति सेनन की तेरे इश्क में में न सिर्फ सिनेमाघरों में बनी हुई है, बल्कि करोड़ों में कमाई भी कर रही है।

## हनुमानगढ़ में बवाल: किसानों ने 16 गाड़ियां फूंकीं, लाठीचार्ज-आंसू गैस से मचा हड़कंप

**जयपुर।** हनुमानगढ़ के राठीखेड़ा गांव में बुधवार शाम को अनाज आधारित इथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों किसानों और पुलिस के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। गुस्साए किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की निमार्णाधीन फैक्ट्री की चारदीवारी तोड़ दी। जवाब में पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। हंगामा इतना बढ़ा कि किसानों ने पुलिस और प्रशासन की करीब 16 गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस विधायक अभिमन्यू पूनिया भी लाठीचार्ज में घायल हो गए। उन्हें हनुमानगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी भी जख्मी हुए हैं।

चंडीगढ़ में रजिस्टर्ड ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी राठीखेड़ा में 40 मेगावाट का अनाज आधारित इथेनॉल प्लांट लगा रही है। कंपनी का दावा है कि यह प्लांट केंद्र



सरकार के इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (एइढ) प्रोग्राम को सपोर्ट करेगा। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 2022 से कंपनी का एनवायरनमेंट क्लियरेंस (एउ) का आवेदन अभी तक पेंडिंग पड़ा है। बिना पर्यावरण मंजूरी के निर्माण कार्य जारी होने से इलाके के किसान लंबे समय से विरोध कर रहे थे। बुधवार दोपहर किसानों ने टिब्बी एसडीएम ऑफिस के सामने बड़ी सभा की। शाम करीब 4 बजे सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर फैक्टरी साइट की ओर कूच कर गए। देखते-देखते दीवार तोड़ दी गई और पुलिस से झड़प शुरू हो गई।

घटना के बाद श्रीगंगानगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व करणपुर विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर ने हजारों कार्यकताओं को राठीखेड़ा कूच करने का एलान कर दिया है।

## नवजोत कौर सिद्धू ने रंधावा के लीगल नोटिस पर की टिप्पणी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के भीतर चल रही उठापटक एक बार फिर तेज हो गई है। नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी व पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिले लीगल नोटिस का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने सभी बयानों पर अडिग हैं और यदि रंधावा नोटिस वापस नहीं लेते तो वह स्वयं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगी। कौर ने अपने बयान में कहा कि उनकी टिप्पणियां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत आती हैं और वह विभिन्न मीडिया रिपोर्टों पर आधारित हैं। मंगलवार को कांग्रेस सांसद और राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा ने कौर को लीगल नोटिस भेजा था। इसमें कहा गया कि 7 और 8 दिसंबर को कौर ने उन पर भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप लगाए खासतौर पर पार्टी टिकट पैसे लेकर बांटे जाने का आरोप।

# चुनाव आयोग की बड़ी बैठक आज

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग आज विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया पर अहम बैठक करेगा। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तय समय से पीछे बताया जा रहा है। ऐसे में आयोग इन राज्यों के लिए समयसीमा बढ़ाने पर विचार कर सकता है। आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना प्राथमिकता है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है।

एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की सफाई और अद्यतन करना है, जिसमें डुप्लीकेट नाम हटाना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम निकालना और नए योग्य मतदाताओं (18 वर्ष से ऊपर) को शामिल करना शामिल है। देशभर में इस प्रक्रिया के जरिए फर्जी मतदान की संभावनाओं को भी कम किया जा रहा है। वर्तमान में एसआईआर का दूसरा चरण जारी है। पहले चरण की शुरूआत बिहार से हुई थी। अब दूसरे चरण में राज्यों में बूथ-स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की तरफ से घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। कई बीएलओ शिक्षक या सरकारी कर्मचारी होते हैं, जिसके कारण सीमित समय में पूरे क्षेत्र का सत्यापन करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि राज्य ने भारतीय निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को पूरा करने के लिए दो और सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया है। एक प्रेस बयान में, नवदीप रिणवा ने कहा कि यह विस्तार इसलिए मांगा गया था ताकि जिला चुनाव अधिकारी मृत मतदाताओं, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं और लापता मतदाताओं की प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन कर सकें।

## राहुल गांधी ने गृह मंत्री को दी चर्चा की चुनौती शाह ने कहा- मेरे भाषण का क्रम मैं तय करुंगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि वह ह्यवोट चोरी' से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों पर चर्चा करा लें। दरअसल निचले सदन में, चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए गृह मंत्री ने राहुल गांधी के हालिया तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया जिनमें नेता प्रतिपक्ष ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए थे।

इस पर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह जी, मैं आपको चुनौती देता हूं कि मेरे तीनों संवाददाता सम्मेलनों पर चर्चा कर लेते हैं। राहुल गांधी ने पिछले कुछ महीनों में तीन



अलग-अलग संवाददाता सम्मेलनों के जरिए यह दावा किया था कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में ह्यवोट चोरी' की गई है। सदन में चर्चा के दौरान शाह ने नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी ने 5 नवंबर 2025 को एक प्रेस वार्ता में एक ह्यपरमाणु बम' फोड़ा। ह्यपरमाणु बम' में उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट हैं।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि मकान नंबर 265 कोई छोटा मकान नहीं है, बल्कि एक एकड़ के पुश्तैनी भूखंड पर बने कई परिवारों का संयुक्त आवास है। हर परिवार को अलग-अलग घर नंबर नहीं दिए गए हैं, इसलिए उनका मकान नंबर 265 ही लिखा है। और उनमें से एक परिवार की तो तीन पीढ़ियां साथ रह रही हैं। उनका कहना था कि जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार चुनी गई तब से यह नंबर ऐसा ही रहा है। यह न ?तो फर्जी घर है और न ही फर्जी वोट है। शाह ने इसी तरह राहुल के कुछ अन्य आरोपों को भी खारिज कर दिया।

## मध्य प्रदेश व राजस्थान में भयावह सड़क दुर्घटनाएं 11 लोगों की मौत

**सागर/जयपुर/भिंड।** मध्य प्रदेश व राजस्थान में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के सागर जिले में बुधवार सुबह बंदरीझ्रमलथोने के बीच बम डिस्पोजल स्क्वॉड (बम निरोधक दस्ता) की गाड़ी गलत दिशा में खड़े कंटेनर ट्रक से टकरा गई, जिसमें चार कांस्टेबलों की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश के सागर जिले में बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वॉड के चार कांस्टेबलों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना सुबह लगभग 4 बजे नेशनल हाइवे-44 पर बंदरी और मलथोने के बीच हुई, जब उनकी गाड़ी हाईवे पर गलत दिशा में खड़े कंटेनर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में कांस्टेबल प्रद्यमन दीक्षित, अमन कौरव, ड्राइवर परामलाल तोमर (सभी मुरैना निवासी) और डॉग मास्टर विनोद शर्मा (भिंड निवासी) की मौके पर ही मौत हो गई। कांस्टेबल राजीव चौहान गंभीर रूप से घायल हैं और भोपाल के बंसल अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।स्क्वॉड का डॉग सुरक्षित बताया गया है। घटना की सूचना पर प्रशासन और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया।

## यूक्रेन शांति के प्रयास तेज, अमेरिकी राष्ट्रपति संग यूरोपीय नेताओं ने की चर्चा, लेकिन ट्रंप ने चौंकाया

**लंदन।** यूक्रेन में शांति को लेकर दुनिया के बड़े नेता एकजुट हुए हैं। इस कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन कीएर स्टार्मर ने फोन पर अहम बातचीत की है। फ्रांस के एक अधिकारी ने बताया कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत की। यह बातचीत यूक्रेन में शांति प्रयासों को लेकर हुई, जिसे इस समय बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अधिकारी के अनुसार, चारों नेताओं ने अमेरिका की अगुवाई में चल रही मध्यस्थता प्रक्रिया की ताजा स्थिति



पर चर्चा की। उन्होंने यूक्रेन में मजबूत और लंबे समय तक टिकने वाली शांति स्थापित करने के लिए जारी कोशिशों का स्वागत किया। सभी नेताओं ने कहा कि हिंसा और जान-माल के नुकसान को रोकना अभी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस बातचीत में यह भी माना गया कि आने वाले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण हैं, इसलिए बातचीत और सभी तरह के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी रहेंगे। सभी नेताओं ने मिलकर कहा कि यह समय यूक्रेन, उसके लोगों और पूरे यूरो-एटलांटिक क्षेत्र की सामूहिक सुरक्षा के लिए निर्णायक है।

वहीं इसके बाद ट्रंप का एक इंटरव्यू आया जिसने माहौल बदल दिया। उन्होंने यूरोप की आव्रजन नीति और यूक्रेन युद्ध से निपटने के तौर-तरीकों की जमकर आलोचना की। ट्रंप ने यूरोप को कमजोर, गिरता हुआ और नेतृत्व को कुछ बहुत बेवकूफ लोग कहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि यूक्रेन पर रूस का ऊपरी हाथ है और राष्ट्रपति जेलेंस्की को युद्ध के बावजूद चुनाव करवाने चाहिए।

## संपादक की कलम से

# बच्चों पर संकट

इस सदी के ढाई दशक में बाल मृत्यु दर घटने को दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन अब इस सदी में पहली बार बाल मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका जतायी जा रही है। गेट्स फाउंडेशन की रिपोर्ट बताती है दुनिया भले ही अमीर हो गई है लेकिन गरीब देशों के बच्चों पर होने वाला खर्च घटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, ये मौतें उन बीमारियों से हो सकती हैं, जिन्हें अमीर देशों से मिलने वाली मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से टाला जा सकता था। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं कि जिस समय दुनिया में संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ रही है, उस समय गरीब देशों के बच्चों पर स्वास्थ्य खर्च का घट जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि स्वास्थ्य सहायता में तीस प्रतिशत की कटौती हो जाती है तो वर्ष 2045 तक 1.6 करोड़ अतिरिक्त बच्चों की मौत हो सकती है। विडंबना देखिए कि इस आसन्न संकट को नजरअंदाज करके विकसित देश अपने रक्षा व आंतरिक खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। जबकि अमीर देशों द्वारा गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिये दिया जाने वाला पैसा उनके बजट के एक फीसदी से भी कम है। गेट्स फाउंडेशन का विश्व के अमीर देशों से आग्रह है कि वे दुर्लभ संसाधनों को उन स्थानों पर लक्षित करें, जहां वे सबसे अधिक जीवन बचा सकते हैं। दरअसल, संकट में वे बच्चे हैं, जो अपना पांचवां जन्मदिन मनाने से पहले ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। इस संकट बढ़ने से दशकों से हासिल वैश्विक प्रगति बेकार हो जाएगी। निस्संदेह, दुनिया में कहीं भी पैदा हुए बच्चे को जीवित रहने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। दरअसल, गेट्स फाउंडेशन की गोलकीपर्स रिपोर्ट और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने बताया कि 2024 में, 4.6 मिलियन बच्चों की पांचवें जन्मदिन से पहले मौत हो गई थी। आशंका है कि आर्थिक मदद में कटौती से इस वर्ष इस संख्या में दो लाख की वृद्धि से इसके बढ़कर 4.8 मिलियन बच्चों तक पहुंचने की आशंका है। जिसकी मूल वजह स्वास्थ्य के लिये वैश्विक मदद में आई बड़ी गिरावट है। इस वर्ष सहायता निधि में भारी कटौती के अलावा गरीब देशों के बढ़ते कर्ज, कमजोर स्वास्थ्य सिस्टम के चलते मलेरिया, एचआईवी और पोलियो जैसी बीमारियों के विरुद्ध हासिल उपलब्धियों को खोने का जोखिम बढ़ सकता है। हालिया रिपोर्ट बताती है कैसे प्रमाणित समाधानों और अगली पीढ़ी के नवाचारों में लक्षित निवेश से सीमित बजट में लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। निस्संदेह, गरीब मुल्कों के ये बच्चे सुरक्षित जीवन पाने के हकदार हैं। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स कहते हैं विश्व में गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य रक्षा के लिये वित्तीय संसाधन बढ़ाने व वर्तमान सिस्टम में सुधार हेतु दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। हमें कम संसाधनों में अधिक काम करना होगा। यदि ऐसा नहीं होता तो हमारी पीढ़ी के दामन पर दाग लगेगा कि मानव इतिहास में सबसे उन्नत विज्ञान और नवाचार की पहुंच के बावजूद हम लाखों बच्चों का जीवन बचाने के लिये धन नहीं जुटा पाए। हम सही प्राथमिकताएं और प्रतिबद्धताएं तय करके तथा उच्च प्रभाव वाले समाधानों में निवेश करके बाल मृत्यु दर वृद्धि को रोक सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### नजारा

### कविता

गुलशन में कलियों का मुस्कुराना
भौरों से अपनी होठों को चुमवाना
फिजां में छाई मस्ती की है बहार
क्यां धरा पे आई वसंती फुहार
नदियों का इठलाकर बहना
पत्थर के आगे भी ना। झुकना
क्या बगावत की हो रही संचार
लगता देखो जन जन की पुकार
जा रे बदरा मुँह ना चिढ़ाना
हमें भी आता है जवाब दे घुमाना
बन्द ना कर पाओगे बरखा बहार
सुखे धरा पे पड़ती है बुदें हजार
आसमान पे बादल को बन्दी बनाया
सूरज को तुमने जबरदस्ती से छुपाया
अब ना चलेगा तेरा अत्याचार
बगावत करेगें तुम्हारी हम बार बार
ठंडक दे रही चौखट पे दस्तक
भीग रहा है कुहासा से दरख्त
होने तो दो अब भोर बिहान
देखेगें तेरी करतूत आसमान
पहुँना बना धूप ये बेचारा
तेज भूल आया घर पे सारा
लकड़ी की आग करता पूरा अरमान
रोक ना पाओगे सपनों का जहान
आँगन में गौरेया शोर मचाती
अपने बच्चे को दाना चुग खिलाती
माँ की ममता जाने है जहान
करूणा की सागर है महान
सरसों की फूल पीली निराली
कूक रही है कोयलिया काली काली
क्या नहीं आया तेरा मेहमान
परदेश से ना लौटा है वो बेईमान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हिंदू आस्था का मान रखने वाले जज के खिलाफ पूरे विपक्ष का एकजुट होना चिंताजनक मिसाल है

हिंदू-बहुल भारत में आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो गई है कि किसी हिंदू को अपने ही प्राचीन धर्मस्थल पर दीपक जलाने या पूजा करने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़े? यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हो गयी है कि न्यायालय पूजा की अनुमति दे दे तो सरकार उस अनुमति के क्रियान्वयन को ही रोक दे? यह स्थिति क्यों बन गयी है कि अदालत अनुमति दे दे तो कुछ राजनीतिक दल उस न्यायाधीश को ही पद से हटाने की मांग करने लगें जिसने हिंदुओं को अपने धर्म स्थल पर पूजा करने की अनुमति दी? क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक दृश्य है? सवाल उठता है कि तुष्टिकरण की राजनीति की आड़ में हिंदू आस्था को बार-बार क्यों चोट पहुँचायी जाती है? क्या बहुसंख्यक धर्म की परंपराएँ केवल इसलिए संदेह के घेरे में हैं क्योंकि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट बैंक की राजनीति को धर्म और इतिहास से ऊपर रख चुके हैं? और क्या अब न्यायपालिका तक को इस आधार पर निशाना बनाया जाएगा कि उसका निर्णय किसी समुदाय को राजनीतिक रूप से असुविधाजनक लगा?

इन मूलभूत प्रश्नों के बीच तिरुप्परनकुंद्रम का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है। हम आपको बता दें कि मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और उससे सटे ह्यदीपथूणह्न (पत्थर के दीप-स्तंभ) पर दीप प्रज्वलन को लेकर उठा विवाद लगातार कानूनी और राजनीतिक टकराव का रूप लेता जा रहा है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा ह्यदीपथूणह्न पर दीप जलाने की अनुमति देने के बाद राज्य सरकार ने न केवल इस आदेश को चुनौती दी बल्कि जिला प्रशासन ने भी पर्वत की तलहटी पर ही श्रद्धालुओं को रोक दिया। इस घटना ने न्यायपालिका और राज्य सरकार के बीच तनाव को सार्वजनिक रूप से उद्घाटित कर दिया।

हम आपको बता दें कि 1 दिसंबर को न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हिंदू तमिलर कच्ची के संस्थापक राम रविकुमार की याचिका पर आदेश देते हुए भक्तों को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथूण पर दीप जलाने की अनुमति दी थी। लेकिन 3 दिसंबर के कार्तिगई दीपम उत्सव के दिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद रविकुमार ने अवमानना याचिका दायर की। उसी दिन न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने दस भक्तों को दीपथूण तक जाने और वहाँ दीप प्रज्वलित करने की अनुमति दी तथा उनकी सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कवर प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद पुलिस ने समूह को रोक दिया और राज्य सरकार ने अवमानना कार्यवाही से बचने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

हम आपको बता दें कि इस मामले की जड़ें लगभग सौ वर्ष पुरानी हैं। तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी, जो भगवान मुरुगन के छह प्रमुख पवित्र स्थलों (अरुपडई वीड़कु) में से एक है, वहां पर स्थित मंदिर और एक दरगाह के बीच 1920 से ही स्वामित्व और धार्मिक अधिकारों को लेकर विवाद रहा है। उस समय सिविल कोर्ट और बाद में प्रिवी काउंसिल ने पहाड़ी को मंदिर सम्पत्ति घोषित किया था। किंतु दीप प्रज्वलन की परंपरा को लेकर न्यायालय ने 1996 में यह कहा था कि पारंपरिक स्थान मंदिर परिसर का उचिपिल्लैयार कोविल मंडपम है; हालांकि भविष्य में किसी वैकल्पिक स्थान पर दीप प्रज्वलन की अनुमति ल्फ&उए विभाग द्वारा दी जा सकती है, बशर्ते वह दरगाह से दूर हो।

इसके बाद भी दीपथूण को पारंपरिक स्थल बताकर कई याचिकाएँ दायर हुईं, जिन पर 2014 और 2017 में उच्च न्यायालय ने यह दोहराया था कि मंदिर प्रबंधन ही धार्मिक परंपराओं और स्थलों का निर्धारण करेगा। लेकिन इस वर्ष पुनः इस विवाद ने जोर पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की खंडपीठ में अपील दायर कर दी है। वहीं 5 दिसंबर को खंडपीठ ने मंदिर प्रबंधन का पक्ष रखते हुए यह चेतावनी दी कि न्यायपालिका का अपमान करने वाली टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर को अदालत ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) को 17 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया, क्योंकि प्रशासन ने न्यायालय के पूर्व आदेशों का पालन नहीं किया।



> तिरुप्परनकुंद्रम का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है।

दूसरी ओर, यह विवाद इसी बीच संसद तक पहुँच गया है। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और अकटकट से संबद्ध 107 विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को हटाने का प्रस्ताव सौंपा। आरोप लगाया गया कि न्यायाधीश ने एक विशेष राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित होकर निर्णय दिए और निष्पक्षता व धर्मनिरपेक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। देखा जाये तो विपक्ष का यह कदम अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक टकराव बन चुका है, क्योंकि इसे न्यायपालिका पर सीधे प्रहार के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने न्यायाधीश के निर्णय से असहमति को आधार बनाकर उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया, वह भारतीय लोकतंत्र में अभूतपूर्व और चिंताजनक मिसाल है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी का इतिहास केवल मंदिर-प्रशासन से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह हिंदू आस्था का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है जहाँ सदियों से भक्तों की उपस्थिति रही है। 1920 के सिविल डिक्री और प्रिवी काउंसिल के निर्णय ने स्पष्ट कहा था कि पहाड़ी मंदिर की संपत्ति है तथा दरगाह उससे केवल कुछ सीमित हिस्सों में सम्बद्ध है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि दीपथूण पर दीप जलाना मंदिर-परिसर के भीतर ही धार्मिक अनुष्ठान का एक स्वाभाविक हिस्सा है।

फिर भी, पिछले तीन दशकों में दीपथूण को लेकर विवाद गहराता गया और प्रशासन ने अक्सर सुरक्षा या साम्प्रदायिक संवेदनशीलता का हवाला देकर हिंदू परंपराओं को सीमित किया। यह वही मानसिकता है जो डीएमके और उसके सहयोगियों की राजनीति में बार-बार दिखाई देती है, जहाँ बहुसंख्यक आस्था को दबाकर तुष्टिकरण को राजनीतिक लाभ का साधन बना दिया जाता है। यह संयोग नहीं है कि वही दल, जिसके नेताओं ने अनेक बार सनातन धर्म को नष्ट करने योग्य कहा, वही आज दीपथूण में दीप जलाने का विरोध कर रहा है।

यहाँ प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि अधिकारों का है। जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश मौजूद था कि भक्त दीपथूण पर दीप जला सकते हैं, तब राज्य सरकार द्वारा उसे लागू न करना न केवल न्यायालय की अवमानना है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का खुला हनन भी है। जिस प्रकार अदालत ने पुलिस और प्रशासन को फटकारते हुए कहा कि न्यायपालिका का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा, वह बताता है कि सरकार किस हद तक अपनी सीमाएँ भूल चुकी है।

लेकिन इससे भी खतरनाक कदम था 107 विपक्षी सांसदों द्वारा न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव। यह केवल असहमति का मुद्दा नहीं, बल्कि न्यायपालिका को धमकाने का सीधा प्रयास है। अगर किसी निर्णय से असहमति हो तो अपील का मार्ग उपलब्ध है; परन्तु न्यायाधीश की नीयत पर प्रश्नचिह्न लगाना और उन्हें राजनीतिक विचारधारा से जोड़कर हटाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने जैसा है। यह न्यायपालिका को संदेश देता है कि धार्मिक मामलों पर निर्णय देते समय राजनीतिक दबाव को ध्यान में रखना पड़ेगा, जो कि किसी भी स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था के लिए विषाक्त है।

वैसे तो सनातन धर्म के विरुद्ध डीएमके के कई नेताओं के वक्तव्य पहले ही सामाजिक समरसता को कमजोर करते रहे हैं। अब दीपथूण पर दीप जलाने के खिलाफ प्रशासनिक दमन और फिर न्यायाधीश पर निशाना साधना इस बात का प्रमाण है कि यह विवाद मूलतः विधिक नहीं, बल्कि वैचारिक और राजनीतिक है। इसमें आस्था को बार-बार चोट पहुँचाई गई है और उन भक्तों को अपराधी जैसा व्यवहार झेलना पड़ा है जिन्होंने केवल अपनी परंपरा निभानी चाही।

बहरहाल, यह विवाद एक व्यापक प्रश्न खड़ा करता है कि क्या भारत में बहुसंख्यक आस्था को केवल इसलिए सीमित किया जा सकता है कि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट-बैंक को नाराज नहीं करना चाहते? क्या न्यायाधीश केवल इसलिए निशाने पर होंगे कि उन्होंने संविधान और न्यायिक मयार्दा के आधार पर निर्णय दिया, न कि राजनीतिक सुविधा के अनुसार? विपक्ष को समझना होगा कि तिरुप्परनकुंद्रम की पहाड़ी केवल एक पहाड़ी नहीं, वह आस्था का स्रोत है। वहाँ दीप जलाना किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि एक परंपरा का निर्वाह है।

इसे रोकना और फिर इसे अनुमति देने वाले न्यायाधीश को निशाना बनाना, दोनों ही लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विपरीत हैं। विपक्ष को चाहिए कि सनातन पर प्रहार और न्यायपालिका पर दबाव के जरिये भारत की अवधारणा को कमजोर नहीं करे। **-नीरज कुमार दुबे**

# वंदे मातरम पर चर्चा: सवाल नीति और नीयत का



**निर्मल रानी**

**वेलकम इंडिया**

भारतीय संसद में शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान ३वंदे मातरम३ की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक विशेष चर्चा आयोजित की गयी। गौर तलब है कि संस्कृत और बांग्ला भाषा के मिश्रण से तैयार किया गया यह गीत पहली बार 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उनकी बांग्ला उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित हुआ था। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसी गीत अर्थात ३वन्दे मातरम्३ को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। आज देश में इस गीत को भी राष्ट्रगान अर्थात ३जन गण मन३ के ही समकक्ष सम्मान प्राप्त है। सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में जब इसे गाया या बजाया जाता है, तो सभी लोग इसके सम्मान में खड़े होते हैं। परन्तु हमारे देश में मुस्लिम उलेमा का एक वर्ग ऐसा है जिनका मानना है कि धरती-माँ को इस तरह देवी के रूप में पूजना और उसके सामने सजदा करना इस्लाम विरोधी (शिर्क) है। और अल्लाह के सिवा किसी को सजदा करना हराम है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व खासतौर पर देवबंदी अथवा जमाअत-ए-इस्लामी से सम्बंधित अतिवादी वर्ग के लोग ही करते हैं। जबकि अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रप्रेम का हिस्सा मानते हुये इसे गाते भी हैं।

परन्तु राष्ट्रगान ३जन गण मन३ का विरोध करने वाले हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग खासकर संघ व भाजपा वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पार्टी पर मुस्लिम परस्त होने का इलजाम लगाती रहती है। यही कोशिश गत दिनों संसद में ३वंदे मातरम३ पर चर्चा के दौरान देखने को भी मिली। खासकर इस चर्चा का ऐसे समय में होना जबकि अगले वर्ष बंगाल में चुनाव भी प्रस्तावित हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों की तरफ इशारा करता है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में ३वंदे मातरम३ पर बहस के दौरान सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये यह कहा भी कि राष्ट्रगान पर बहस की कोई जरूरत नहीं क्योंकि यह पहले से ही राष्ट्रगान है। प्रियंका गांधी ने भी यही दावा किया कि यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखकर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने ३वंदे मातरम३ को भारत की आत्मा का हिस्सा बताया, जो गुलामी से जागरण का प्रतीक है और आधुनिक राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति है। उल्टे प्रियंका गांधी ने संविधान सभा में दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का ही सवाल उठा कर भाजपा को ही घेरने की कोशिश की। राजयसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सत्ता से सवाल किया कि जब भाजपा के पुरखे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में सरकार चला रहे थे, तब आपकी देशभक्ति कहां थी?

बहरहाल, इसी तरह के मुद्दों को उठाकर कांग्रेस को मुस्लिम परस्त बताने व हमेशा ही कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाने वाली भाजपा को कम से कम देश को एक बात यह भी बतानी चाहिये कि जिस दारुल उलूम देवबंद व जमाअत-ए-इस्लामी ने वंदे मातरम का विरोध किया था, जिस जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 1937-39 में जारी अपने फतवे में वंदे मातरम को गाना 'हराम' बताया था। उसी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से तो भारत बेहतर रिश्ते बनाने की तरफ आगे बढ़ रहा है? गत अक्टूबर माह में ही अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी ने भारत का छह-दिवसीय दौरा किया। इस दौरे के दौरान मुत्तकी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, मानवीय सहायता, शिक्षा और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति से संभव यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान संबंधों को मजबूत करने का संकेत मानी गई। मुत्तकी ने अपने भारत प्रवास के दौरान केवल राजकीय यात्रा मात्र ही नहीं की बल्कि इस दौरान उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित दारुल उलूम देवबंद अर्थात अपने 'वैचारिक प्रेरणा केंद्र' का भी दौरा किया। यह वही दारुल उलूम देवबंद तो है जिसने वंदे मातरम के एक हिस्से को गाने का विरोध किया था?

मुत्तकी ने अपने भारत दौरे के बीच दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर व देवबंदी मसलक से जुड़े दारुल उलूम के उलेमा, छात्रों और अफगान छात्रों से मिकर केवल अपनी अतिवादी वैचारिक प्रतिबद्धता ही नहीं दोहराई बल्कि उन्होंने दिल्ली में ही आयोजित अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं को प्रवेश न देकर भी यह साबित कर दिया कि महिलाओं के प्रति इस सोच विचार के लोग कितनी असहिष्णुता का भाव रखते हैं। परन्तु आश्चर्य है कि भाजपा सरकार वंदे मातरम गायन का विरोध करने व इसे हराम बताने वाली विचारधारा व इसके रहनुमाओं को तो गले से लगाती है। इनके स्वागत में लाल कालीन बिछाती है परन्तु कांग्रेस पर वंदे मातरम विरोधी होने का आरोप मढ़ती है? परन्तु जब कांग्रेस संविधान सभा में इस गीत के दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का सवाल उठाती है तो भाजपा बगलें झाँकने लगती है?


आज देश बेरोजगारी व मंहगाई से बुरी तरह जूझ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत रसातल तक पहुँच गयी है। 2012-13 के मध्य जब डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की कीमत 60-68 के बीच लुढ़क रही थी। उस समय नरेंद्र मोदी ने यूपीए सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा था कि ३हमारी मुद्रा मृत्युशैया पर है, यह टर्मिनल स्टेज पर है और इसे तुरंत डॉक्टर की जरूरत है३। उसी समय मोदी ने जोर देकर यह भी कहा था कि रुपये की गिरावट से प्रधानमंत्री की इज्जत गिरती है, क्योंकि रुपया केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा होता है। उस समय मोदी ने इसे तत्कालीन यू पी ए सरकार की आर्थिक नाकामी करार दिया था। परन्तु आज तो 1 डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 90 के करीब पहुँच चुकी है। आज देश की संसद में इसपर चर्चा क्यों नहीं होती?

दरअसल मोदी सरकार ने अपनी पूरी ताकत देश का साम्प्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण करने में झोंक रखी है। खासकर चुनावों के समय ऐसी कोशिशों में और भी तेजी आ जाती है। बड़ा आश्चर्य है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्रगान तक का विरोध करने वाले, गांधी की हत्या पर जश्न मनाने व मिठाइयां बांटने वाले, भारतीय संविधान को न पचा पाने वाले लोग आज सत्ता में आने के बाद बड़े ही शातिर तरीके से स्वयं को महान देशभक्त व धर्म के 'अभिरक्षक' बनने की कोशिश कर रहे हैं। और देश के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुये फांसी के फंदे पर झूलने व अंग्रेजों की यातनायें झेलने वाली कांग्रेस को वंदे मातरम विरोधी तो कभी मुस्लिम परस्त तो कभी पाक परस्त बातकर मुद्रा पतन से लेकर मंहगाई बेरोजगारी जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकने की कोशिश करती रहती है। गत दिनों संसद में वंदे मातरम पर हुई चर्चा भी जनहितकारी मुद्दों से ध्यान भटकने की ऐसी ही एक कोशिश थी जिसमें वंदे मातरम को लेकर भाजपा की नीति और नीयत का अंतर साफ नजर आया।



# मानवाधिकार दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर मांगा बराबरी का अधिकार

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के अवसर पर आशा ट्रस्ट और लोक समिति के तत्वावधान में मौलिक अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर हजारों छात्र छात्राओं और ग्रामीणों ने बेनीपुर बाजार में बुधवार को मानव श्रृंखला बनाई। बेनीपुर मुख्य बाजार से कल्लीपुर तक दोनों किनारों पर एक किलोमीटर खड़े होकर लोगों ने चुप नही रहना है हिंसा नही सहना है, बाल विवाह बंद करो, महिला हिंसा बन्द करो, दहेज प्रथा पर रोक लगाओ यौन हिंसा पर रोक लगाओ आदि नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर ने कहा कि गरीबों, दलितों और महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा की बात करना जरूरी है, शोषण,अन्याय, जुल्म, गैर बराबरी के खिलाफ खड़े होकर हम सबको मिलकर इसको दूर करना है। हिंसा एक छोटा शब्द है, परंतु इसका अर्थ और प्रभाव व्यापक है। महिलाओं, मजदूरों के विरुद्ध हिंसा समाप्त करने के लिए हम सबको मिलकर आगे आना है। हमें विभिन्न कानूनों की जानकारी होनी चाहिए।

दिहाड़ी मजदूर संगठन के संयोजक रामबचन ने कहा कि पुलिस थाने में लाये गए व्यक्ति के साथ पुलिस मारपीट कर अमानवीय बर्ताव नही कर सकती है. किसी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया तो पुलिस को उसकी गिरफ्तारी के बारे में बताना होगा, किसी को जबरन नही पकड़ा जा सकता है और गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को 24 घण्टे के अंदर सक्षम कोर्ट में पेश करना होगा। गिरफ्तार व्यक्ति को अपने परिचित से या टेलीफोन पर बात करने की सुविधा दी जायेगी, किसी व्यक्ति के साथ पूंछतांछ करते समय पुलिस कर्मी को अपनी वर्दी ओर नेमप्लेट लगाकर ही पूंछतांछ करनी होगी और किसी महिला को पुलिस थाने में अकारण नही रोका जा सकता है। इन तमाम बातों को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मां कंचन देवी जूनियर हाई स्कूल, भारतीय शिक्षा निकेतन, परम हंस स्कूल, आशा सामाजिक स्कूल के बच्चे किशोरी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र नागेपुर व बेनीपुर की किशोरी लड़कियां और गांव के महिला स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं ने भागीदारी किया।

इस अवसर पर धीरेन्द्र प्रताप, विजेंद्र प्रताप, पुष्पेंद्र प्रताप, नंदलाल मास्टर, रामबचन, अनीता, सुनीता वर्मा, अब्दुल रहमान, राजकुमार मौर्य, रुखसाना बानो, अरविंद, संगीता सोनी, आशा, मनीषा, मधुबाला, सुनील मास्टर, श्यामसुन्दर, मधुबाला, सीमा, मनीष, शिवकुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर और संचालन राम बचन ने किया।

# बाल संरक्षण अभियानः पिलखुवा क्षेत्र से 02 बाल श्रमिक रेस्क्यू, संयुक्त टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद में बाल संरक्षण को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एएचटी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम रोकथाम एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दुकानों, होटलों, कारखानों एवं वर्कशॉप आदि की सघन चेकिंग की गई ।चेकिंग के दौरान थाना पिलखुवा क्षेत्र में काम कर रहे 02 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया तथा उनके परिजनों को सूचना दी गई।

मामले में संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग करें और कहीं भी बाल श्रमिक दिखाई देने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें।

## सार संक्षेप

### युवक को मारपीट कर किया घायल ,दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद।** रोहनिया राजातालाब थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर निवासी युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर निवासी महेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि मैं अपने खेत में धान के खेत में धान काटने के बाद पुआल खेत में छोड़कर घर आ गए थे परंतु खेत का पुआल विपक्षी दीपक यादव उर्फ पण्डु उनके साथी फूलचंद यादव का लड़का नागे यादव भी उसके साथ में था दोनों ने मिलकर दो दिन से लगातार हमारा पुआल अपनी जानवरों को जबरदस्ती खिला दे रहे थे और जब मुझे पता चला तो मैं देखने गया और फूलचंद के लड़के नागे यादव अपनी जानवरों के पुआल खिला रहे थे मना करने पर मेरे साथ दोनों लोग मारपीट करने लगे विरोध करने पर मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पुलिस दोंनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी।

### जीआईसी अडींग में हुआ कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन




**मथुरा/अडींग।** बुधवार को राजकीय भारतीय इण्टर कॉलेज, अड़ींग में पंख पोर्टल कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। इस कैरियर गाइडेंस मेले का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तर पर यूनीसेक, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार उनके कैरियर चुनने में सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस मेले में छात्रों ने विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में रूचि दिखाते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया।इस कैरियर मेले में' विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अतिथियों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अन्य नये कैरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अतिथियों में कॉलेज के प्रधानाचार्य यशपाल सिंह , जिला नोडल प्रभारी कविता सक्सैना, प्रधानाचार्या मीना पाण्डेय, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोहन सिंह, कॉलेज के समस्त सम्मानित शिक्षकगण, कॉलेज के कैरियर गाइडेंस नोडल प्रभारी, चेतन गौड़ उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम का सफल संचालन थान सिंह कुन्तल ने किया।

# विधायक ने की केएम अस्पताल की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के निदेर्शानुसार केएम अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए परामर्श दे रही है। स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल ने चन्द्रोदय मंदिर अक्षयपात्र फाउंडेशन के सहयोग से पिछले एक माह से गांव गांव निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रहा है।इसी कड़ी में पूर्व ऊजार्मंत्री के निज गांव गांठौली में स्वास्थ्य कैम्प लगाया, जहां सैकड़ों की संख्या में लोग लाभान्वित हुए।

स्वास्थ्य की राजधानी केएम अस्पताल की चिकित्सकीय टीम और श्रीअनंत वीर्य दास प्रभु अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं वृन्दावन चन्द्रोदय मंदिर के सहयोग से ठंड के मौसम में गांव गांव स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है। ब्रजवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने यह कदम उठाया है। गांव गांठौली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से विधायक श्रीकांत शर्मा और चन्द्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्रीअनंत वीर्य दास प्रभु जी ने शिविर का उद्घाटन किया तथा उन्होंने केएम के चिकित्सक डा. गायत्री, डा. शुभम, डा. जया, डा. उर्वशी, डा. यशी सहित अन्य चिकित्सकों से जानकारी ली और उनकी निःशुल्क सेवा की प्रशंसा की। इन शिविरों का संचालक केएम अस्पताल के जनरल मैनेजर आशीष शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मार्केटिंग मैनेजर आमीन, पीआरओ दीपक कंसल कैम्प की सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभा रहे है। मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित कर रहे है। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में जितेंद्र शर्मा (जनसंपर्क अधिकारी, प्रशासनिक), मधुसूदन कौशिक (पूर्व ग्राम प्रधान) एवं रविकांत कौशिक (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि) की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

# नेहा धामी व कविता रावत ने जीती व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्रतियोगिता

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय कैंपस के तत्वावधान में यहां अंतर महाविद्यालयी एथलेक्टिक्स प्रतियोगिता के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रतियोगिता में नेहा धामी व कविता रावत ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती।पिथौरागढ़ की माया ने हाफ मैराथन अपने नाम की। ट्रिपल जंप में कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।हैमर थ्रो में भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को सबसे पहले हाफ मैराथन दौड़ हुई। इसमें नेहा धामी व कविता रावत चैंपियन रहे।उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके बाद ट्रिपल जंप में कविता पाठक प्रथम, नीमा आर्या द्वितीय तथा चांदनी परिहार तृतीय स्थान पर रही।400 मीटर दौड़ में पिथौरागढ़ कैम्पस की शीतल भट्ट प्रथम,लोहाघाट महाविद्यालय की सपना खर्कवार द्वितीय, तथा मोनिका बोहरा तृतीय स्थान पर रहीं।

5000 मीटर की दौड़ चंपावत कैंपस की सोनी ने जीती। ऊषा दूसरे और रीमा तीसरे स्थान पर रहे। 20 किमी की वॉक रेस भी चंपावत कैंपस की गीतिका महर ने जीती। हिमानी मेहता दूसरे और प्रीति तीसरे स्थान पर रहीं।500 मीटर की रिले दौड़ सोनी ने जीती। कोमल खड़ाई दूसरे तथा दिया गोस्वामी तीसरे स्थान पर रही।हाई जंप में निक्की पांडे प्रथम, बबीता द्वितीय तथा खिला मेहता तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर परिसर निदेशक डॉ. कमल किशोर, लियाकत अली, डॉ. हेमलता, डॉ. नरेश ग्वाल, रमेश खर्कवाल, राजू महंत, लक्ष्मण पाटनी आदि मौजूद रहे।

# रामपुर हापुड़ में शादी समारोह के दौरान राकेश टिकैत का स्वागत




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** रामपुर हापुड़ में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का नगर क्षेत्र में भव्य और जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा के साथ नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और सभी ने मिलकर राकेश टिकैत का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इनमें प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता कुंवर खुशन, ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर, नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी, नगर उपाध्यक्ष युसूफ, नौशाद, शाह आलम, नगर सचिव अनु मलिक, राजा, डॉ. नदीम, कोषाध्यक्ष रशीद सलमानी, वार्ड अध्यक्ष आस मोहम्मद, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा तथा नगर महासचिव नेम सिद्दीकी उपस्थित रहे।

इस दौरान पदाधिकारियों ने राकेश टिकैत का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल पर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजन पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था पदाधिकारियों ने की डीएम से वार्ता , सम्मेलन की दी जानकारी

वेलकम इडियारा राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जनपद हापुड़ इकाई के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी एवं जिला अनुशासन सचिव गुलशन त्यागी ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय से भेंट कर उनसे महत्वपूर्ण विषयों पर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने संस्था की पत्रिका भेंट करते हुए आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के संत-महात्मा, किसी एक प्रदेश के राज्यपाल, पूर्व सेना के वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न राज्यों से लगभग एक हजार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गत वर्ष आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड के राज्यपाल महामहिम लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे थे।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने बैठक के दौरान संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

# 80 वर्षीय वृद्ध का सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** ग्राम पचपेड़ी निवासी 80 वर्षीय सीताराम का सलूजा नर्सिंग होम प्राङ्ग लिङ्ग में टोटल हिप रिप्लेसमेंट (पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण) सफलतापूर्वक किया गया। सीताराम हाल ही में गिर गए थे, जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी और वह चल-फिर भी नहीं पा रहे थे।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि मरीज की उम्र अधिक होने के कारण यह सर्जरी जटिल मानी जा रही थी, फिर भी टीम ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर इसे सफल बनाया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत अब सामान्य है।

डॉक्टर ने बताया कि पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, जिससे मरीज को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ा।

अस्पताल की डायरेक्टर ने कहा कि परिवारजन इस बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा और स्थानीय स्तर पर ही उन्नत चिकित्सा सुविधा मिल गई। अस्पताल प्रशासन ने यह भी बताया कि 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड अस्पताल में ही बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड से मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध हो सकता है।

### एसडीएम गोवर्धन ने दबंगों द्वारा कब्जाई गई ग्राम समाज की भूमि पर आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

**मथुरा/सोंख।** गांव नगला आशा में बने प्राचीन भोलेनाथ मन्दिर और ग्राम समाज के कुआं पर कुछ दबंग लोग कब्जा कर बाउंड्री कर रहे थे। जिसकी शिकायत गोवर्धन एसडीएम प्रज्ञा त्रिपाठी से की गई। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में भी दो बार एसडीएम गोवर्धन के आदेश पर सरकारी जमीन को खाली कराया गया है लेकिन भू माफिया बाज नहीं आ रहे हैं। जमीन कीमती है जिस पर भोलेनाथ का मंदिर और ग्राम समाज का पुराना एक कुआं है जिस पर कुछ दबंग लोग कब्जा करना चाहते हैं। तहसीलदार और लेखपाल ओमवीर सिंह को जांच के आदेश दिए गए हैं।

# दिल्ली बार काउंसिल चुनाव में उतरे अधिवक्ता दुष्यंत नायक

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली बार काउंसिल को 28 फरवरी 2026 तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है ।ऐसे में दिल्ली बार काउंसिल चुनाव के लिए कई दिग्गज एडवोकेट ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।हर किसी का अपना अलग_ अलग मुद्दा पर लगातार हर दिन जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे ही तैयारी जोर शोर कर दी है।

वही दिल्ली के एडवोकेट दुष्यंत नायक भी फील्ड में उतर गए हैं और तैयारी शुरू कर दी है। उत्तराखंड में जन्में दुष्यंत नायक का जिवन काफी संघर्ष वाला रहा हैं। आज दिल्ली में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं वकीलों की भीड़ हर दिन बढ़ता जा रहा है लोगो ने कहा दुष्यंत नायक एक अच्छा इंसान है हमेशा अपने सामाजिक कार्य में आगे रहते है। और सबसे बड़ी बात वो युवाओं को प्रेरित करते हैं उनको कामयाबी तक पहुंचने में अपना भरपूर समर्थन करते है। अपने 23 साल के तजुर्बे के साथ दूसरी पीढ़ी खुद को मानवता की सेवा में लगा है इनके पिता स्वर्गीय( एस एस नायक ) भी वरिष्ठ अधिवक्ता रह चुके है।इनके परिवार की तीसरी पीढ़ी भी उनकी बेटी भी वकालत में अगले साल आने की तैयारी मे है ।

दुष्यंत नायक हमेशा गरीब बेसहारा परिवार को भी मददगार के रूप में हमेशा आगे रहते है। मंगलवार को जब दुष्यंत नायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो कई वकीलों ने अपना समर्थन दिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल इलाज के लिए अस्पताल में कराए गए भर्ती

**शिकारपुर।** शिकारपुर मेरठ बदायूं हाईवे पर श्यामलाल महाविद्यालय के निकट सुबह करीब 11 बजे बाइक सवारों की हुई भिड़ंत एक बाइक सवार शिकारपुर की तरफ से आ रहा था वहीं दूसरा बाइक सवार शिकारपुर तहसील की तरफ से आ रहे थे तेज रफ्तार बाइक सवारों की आपस में आमने सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें तीन बाइक सवार युवक घायल हो गए जिसमें एक बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया है और दो घायलों को तान्या निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। घायलों के नाम रोबिन पुत्र तेजपाल सिंह निवासी गांव नगला मदारीपुर थाना नरसेना जनपद बुलंदशहर सतीश पुत्र विजयपाल सिंह निवासी उपरोक्त तथा आशु पुत्र विनोद निवासी गांव कैलावन थाना सलेमपुर जनपद बुलंदशहर के रहने वाले है।

# ज्ञानकल्याणक आहारदान, समवशरण रचना एवं दिव्य देशना गुरुवार को होगा समापन

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ।** पंचकल्याणक महोत्सव के छठे दिन श्री जी के अभिषेक शांति धारा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उपाध्याय श्री ने अपने उद्बोधन मे कहा कि आप सभी आज हस्तिनापुर नगरी में विराजमान है 6 माह का समय होने पर मुनीकुमार ऋषभदेव ने विहार किया मगर कोई यह नहीं जानता था कि मुनि महाराज का आहार कैसे होता है।

मुनिराज प्यार करते हुए हस्तिनापुर नगरी पहुंचे मुनिराज को देखते ही राजा सोम, श्रेयांश को पूर्व भव का याद आ जाता है की मुनिराज को आहार कैसे देते हैं उन्होंने मुनीकुमार ऋषभदेव का नवधा भक्ति के साथ पाड़गाहन किया कंदोधक लगाया अस्टद्रव्यों से पूजा की इच्छुक रस का आहार कराया मुनीकुमार ऋषभदेव का दीक्षा लेने के एक वर्ष 12 दिनों के बाद आहार हुआ उसी दिन को आज अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। आहार दान देने वालों को आजीवन रात्रि भोजन व जमीकंद का त्याग दिलाया।

उपाध्याय श्री ने बताया कि भगवान को शुद्धता से आहार देने से मोक्ष की प्राप्ति तक हो सकती है सभी को बहुत-बहुत आशीर्वाद प्रदान किया। अपराह्न में समवसरण की रचना की गई जिसमें तीर्थंकर की दिव्य ध्वनी खिरी। प्रतिमा प्रदान करने वाला आठ भाव में मोक्ष को प्राप्त होता है।100 नए मंदिर बनवाने में जितना पुण्य लगता है उतना एक पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार कराने में है। आज उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद महाराज का पिच्चक्षी परिवर्तन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। संस्कार पूज्य उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज ससंघ के सानिध्य में हुए। चेयरमैन वीरेंद्र कुमार जैन पुष्प ज्वेलर्स प्रदीप जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) संजय जैन कलश अभिनव जैन प्रदीप जैन मुकेश जैन संजीव जैन पंप वाले प्रथम जैन आनंद जैन आदि उपस्थित रहे।

## वनाग्नि सुरक्षा हेतु ब्लाक स्तरीय सुरक्षा समिति का गठन

**कपकोट।** कपकोट ब्लाक सभागार में वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी हेतु ब्लाक स्तरीय सुरक्षा समिति का गठन किया गया। ब्लाक प्रमुख भावना शाही की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में सभी को वनों को वनाग्नि की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु वन संपदा और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में मौजूद लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख भावना साही ने सभी ग्रामीणों को वनाग्नि सुरक्षा की बात करते हुए वन को बचाने को कहा। वन क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि वनाग्नि सुरक्षा कार्यक्रम में जागरूकता अभियान कर विचार विमर्श किया जा रहा है। वहीं प्रत्येक गांवों में प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र लोहनी ने बताया कि जागरूकता अभियान में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया है। कार्यक्रम का संचालन वन रक्षक कविता रावत ने किया।

# कोसीकलां अग्निकांड पीड़ितों के चेहरे पर दिखीं बेबसी, पीड़ा और चिंता की लकीरें

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कोसीकलां में लकड़ी के खोखों में लगी आग से कई परिवार की रोजीझरोटी छिन गई। अचानक उठी आग की लपटों से उनका सब सामान जलकर राख हो गया। सालों की कमाई, जोड़कर रखा सामान पल भर में छिन गया। पीड़ितों के चेहरे पर बेबसी, पीड़ा, चिंता साफ झलक रही है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीडितों को मदद का आश्वासन दिया।

गयालाल स्मृति भवन के सामने कई लोग लकड़ी के खोखे लगाकर व्यवसाय करते हैं। पहिले एक खोखे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पांच खोखों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वसीम, अवतार, नायिक, आबिद और गीता सहित अन्य दो लोगों लोगों के खोखों में रखे लाखों के जूते-चप्पल, कपड़े, टायर पिंचर, कंप्रेशर आदि सामान जलकर खाक हो गए। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की पर नाकाम रहे। सुबह मलबा हटाने के दौरान पीड़ित परिवार का दर्द साफ दिखाई दे रहा था।

नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, सतीश बाल्मीकि, सौरभ जैन, दीपक बडगुजर, काले खान, विपिन त्यागी, तरुण सेठ आदि ने पीडितों को सांत्वना दी।

एसडीएम वैभव गुप्ता के निर्देश पर तहसील की टीम ने रिपोर्ट तैयार की। पीडितों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर मुआवजे की मांग की है।

## सार संक्षेप

### व्रन्दावन में हेमा मालिनी करेंगी धर्मेंद्र की शोक सभा, संत समाज देगा श्रद्धांजलि



**मथुरा।** व्रन्दावन में हेमामालिनी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र ने 24 नवंबर 2025 को 89 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उन्हें नमन करने के लिए वृंदावन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मथुरा की सांसद, एक्ट्रेस और 'ही-मैन' की दूसरी पत्नी हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। दिवंगत धर्मेंद्र की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 13 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया जाएगा। यह विशेष सभा वृंदावन के छटीकरा रोड स्थित श्री कृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में आयोजित की जाएगी। सांसद हेमा मालिनी ने बताया कि धर्मेंद्र का ब्रजभूमि से गहरा जुड़ाव रहा है और उनके चाहने वालों की संख्या यहां अनगिनत है। उनकी आत्मा की शांति के लिए और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए यह सभा आयोजित की जा रही है। इस सभा में धर्मेंद्र के फैंस, स्थानीय गणमान्य नागरिक और संत समाज उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। यह जानकारी उनके प्रतिनिधि द्वारा दी गई है।

### पंचायत राज विभाग एवम् स्वास्थ्य विभाग की हुई संयुक्त कार्यशाला



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग जनपद को टी0 बी 0 मुक्ति के लिए अनेकों प्रयास कर रहा है इसी क्रम में आज हापुड़ विकास खण्ड में ग्राम पंचायत सचिवों एवम्ग्राम प्रधानों की संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश को टी 0बी0 मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन जब सहभागिता के बिना देश को टी 0बी0 मुक्त करना असंभव है प्रत्येक ग्राम को टी 0बी0 मुक्त पंचायत बनाने के लिए ग्राम स्तर पर प्रति 1000 की आबादी पर 30 जांच अवश्य होनी चाहिए साथी ही इसमें कोई टी 0बी0 रोगी नहीं होना चाहिए यदि एक हजार की आबादी पर कोई टी 0बी0 रोगी मिल जाता है तो उसका तुरंत इलाज आरंभ होना चाहिए एवं उसको भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं मिल जाने चाहिए खंड विकास अधिकारी सुश्री श्रुति सिंह ने सभी सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से प्रत्येक ग्राम पंचायत को टी 0बी0 मुक्त कराने में सहयोग की अपील की एवं सभी सचिवों को निर्देश दिए की प्रत्येक ग्राम सचिवालय एवम्सरकारी भवनों पर ग्राम स्वास्थ समिति के माध्यम से वॉल राइटिंग आदि के माध्यम से टी 0बी0 रोग के विषय में प्रचार प्रसार कराया जाए एवम्ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम में टी 0बी0 रोग के प्रचार प्रसार हेतु बजट का प्रावधान किया जाए इस अवसर पर सहायक खंड विकास अधिकारी शिवम पांडेय स्वास्थ विभाग से जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### जिला कारागार में बंदिया को मानव अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए किया जागरूक

**बुलंदशहर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ जिला जज संजय सिंह प्रथम के आदेशानुसार सचिव शहजाद अली के दिशा निर्देशन में जिला कारागार बुलंदशहर के जेल अधीक्षक कोमल मंगलानी एवं जेलर अशोक कुमार डिप्टी जेलर प्रणय सिंह के सहयोग से मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मध्यस्थ नवीन चंद्र बिरला एडवोकेट नामित अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार एडवोकेट सत्यप्रकाश शर्मा एडवोकेट राबिया खातून एडवोकेट और नौशीन एडवोकेट द्वारा बंदिया को मानव अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया।

# बालिका महोत्सव का आयोजन कर सिविल जज ने दी कानूनी जानकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद देहरादून के तत्वावधान में बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीनियर सिविल जज अनीता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को बाल अपराध, मानवाधिकार और बाल विवाह जैसे विषयों पर जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी ने कैरियर संदर्भित मार्गदर्शन किया और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

बाल कल्याण परिषद के प्रतिनिधि अधिवक्ता गोविंद भंडारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और बाल कल्याण समिति बागेश्वर की सदस्य भारती खेतवाल ने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।कार्यक्रम में भाषण, चित्रकला, और समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दी, साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता, वृक्ष जीवन के लिए क्यों उपयोगी है इसके बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए एक वृक्ष अपनों के नाम अवश्य लगाने और संरक्षित करने की अपील की।साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

भाषण प्रतियोगिता में राइका बागेश्वर की अंजलि मेयर ने प्रथम, आनंदी एकेडमी की छात्रा महक जोशी ने द्वितीय और सैनिक हाई स्कूल बागेश्वर की भूमी पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सोनू साहू चटर्जी और रचना साहू ने मनाई वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया




**झांसी।** प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकार सोनू साहू चटर्जी और उनकी धर्मपत्नी रचना साहू ने अपने वैवाहिक जीवन के एक और सुनहरे पड़ाव में प्रवेश किया। वर्षों से एक-दूसरे का साथ निभाते हुए इस दंपति ने जीवन के हर सुख-दुःख को मुस्कुराकर स्वीकार किया है। श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर, रतन कुँआ में 180 वाँ सुन्दरकाण्ड पाठ एवं वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ मनाई गई जहां एक ओर पत्रकार सोनू साहू चटर्जी ने अपनी कलम और समाजसेवा से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया, वहीं उनकी धर्मपत्नी रचना साहू ने परिवार, संस्कार और सहयोग की शक्ति से उन्हें जीवन के हर संघर्ष में मजबूती दी। आज के दौर में पत्रकारिता का जीवन चुनौतियों से भरा है—कभी सड़कों पर भागती खबरें, कभी देर रात तक की कवरेज, तो कभी जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाना। ऐसे में जीवनसाथी का साथ एक शक्ति की तरह खड़ा रहता है, और यही शक्ति इस दंपति के रिश्ते को गहराई और मजबूती देती है। शादी की सालगिरह के इस खास अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह सहित क्षेत्र के समाजसेवी व सम्मानित लोगों ने पत्रकार दंपति को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु, सुखमय और समृद्ध जीवन की कामना की। इस मौके पर उपस्थित रहे— गोपाल साहू, पी.के. बुंदेला, दीपक साहू, प्रमोद सिंह, बलराम साहू, सुनीत साहू, प्रवेश श्रीवास्तव, अनमोल साहू, कृष्णा साहू, माधव साहू, गुरुप्रसाद नीरज साहू (पायलट), यश साहू, प्रदीप नामदेव, पवन सिंह, सोनू साहू चटर्जी पत्रकार, जीतू साहू सहित अन्य लोग। कार्यक्रम के अंत में पत्रकार सोनू साहू चटर्जी ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

## युवती को होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक युवक पर प्रेम प्रसंग चलते होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। वीडियो का आरोप है कि आरोपी दो वर्ष से लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता आ रहा है। आरोप है कि एक माह पूर्व आरोपी पीड़िता को जबरदस्ती बाइक पर बैठ कर ले गया था और अगले दिन पीड़िता के पिता को एक गांव में बुलाकर पीड़िता के पिता को सौंपते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि दो वर्ष पूर्व पीड़िता की मुलाकात पड़ोस के ही रहने वाले अनुज पुत्र विनोद से हुई थी। इसी बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती को जनपद बागपत के बड़ौत के एक होटल में ले गया और वहां पर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के साथ ही वीडियो बना लिया था।

# उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस कर्मियों हेतु योग सत्र का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में श्रीमती संजीवनी मीणा अध्यक्षा वामा सारथी जनपद प्रभारी के पर्यवेक्षण में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस कर्मियों हेतु योग सत्र का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर प्रशिक्षित योग गुरु सीताराम द्वारा महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया, योग प्रशिक्षक द्वारा सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम अनुलोम- विलोम, कपालभाति, पद्मासन तथा वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, श्वासन, ताड़ासन, शीर्षासन, सूर्य नमःस्कार आदि का अभ्यास किया ।

आसन, प्राणायम, मुद्रा से लाभ प्राप्त करने के लिए सुरक्षित और नियमित अभ्यास की हेतु प्रोत्साहित किया । तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है । स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है तथा भविष्य में भी ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही ।

# एमएनएलपी करेंगे गत दो वर्ष में जारी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** पिछले दो वर्षो में जारी किये गए समस्त जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों, आवेदन सम्बंधी पत्रावलियों और उनकी जांच प्रक्रिया, पंजीकरण रजिस्टर आदि अनुभाग से सम्बंधित समस्त अभिलेखों की जांच निगम के मुख्य नगर लेखा परीक्षक द्वारा की जायेगी। नगरायुक्त ने यह आदेश जारी करते हुए उन्हें जांच रिपोर्ट 15 दिन में देने के निर्देश दिए है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि यदि प्रमाण पत्रों को निर्गत किये जाने की जांच में कोई गड़बड़ी पायी गयी तो दोषी कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में अनावश्क देरी व परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा गत सप्ताह जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग के आकस्मिक निरीक्षण के सम्बंध में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के संदर्भ में नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा जारी किये गए जांच आदेश को नगरायुक्त ने संशोधित किया है। अपर नगरायुक्त प्रथम की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्य जांच समिति में अपर नगरायुक्त के साथ लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी सदस्य/सचिव व कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह सदस्य होंगे। जांच समिति निर्धारित समय में अपनी जांच आख्या देगी। पहले जांच समिति में मुख्य नगर लेखा परीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी को भी शामिल किया गया था लेकिन अब उन्हें उक्त जांच समिति से अलग कर अभिलेखों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

नगरायुक्त ने अपने संशोधित आदेश में अब मुख्य नगर लेखा परीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी को पिछले दो वर्षों में जारी किये गए समस्त जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों, आवेदन सम्बंधी पत्रावलियों और उनकी जांच प्रक्रिया, पंजीकरण रजिस्टर आदि अनुभाग से सम्बंधित समस्त अभिलेखों की जांच सौंपी है।

# बेटी बचाओ महोत्सव' पर महिला हेल्पलाइन प्रभारी द्वारा छात्रों को किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया





**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** विक्टर मोहन जोशी राइका बागेश्वर में 'बेटी बचाओ महोत्सव' पर महत्वपूर्ण संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन और साइबर सेल प्रभारी द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महिला हेल्पलाइन प्रभारी उप निरीक्षक मीना रावत और प्रभारी साइबर सेल उप निरीक्षक निर्मला पटवाल द्वारा संयुक्त रूप से अभियान का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों की छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।जागरूकता सत्र के दौरान, छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों, और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के संबंध में महत्वपूर्ण और विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी महिला हेल्पलाइन एसआई मीना रावत ने 'बेटी बचाओ' अभियान के महत्व को समझाते हुए छात्राओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या समस्या होने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया। साइबर सेल प्रभारी निर्मला पटवाल ने छात्राओं को इंटरनेट, सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया, ताकि वे ऑनलाइन ठगी या उत्पीड़न का शिकार होने से बच सकें।छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरः आपातकालीन सेवा (डायल): 112,महिला हेल्पलाइन (उत्तराखंड): 1090, साइबर हेल्पलाइनः 1930,1933 नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर, पुलिस कंट्रोल रूमः 9411112983 की जानकारी दी गई।

# इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं श्रम संहिता के विरोध में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने फरवरी में आम हड़ताल का लिया निर्णय

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** बिजली के निजीकरण हेतु लाए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं श्रम संहिता के विरोध में 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने फरवरी के महीने में आम हड़ताल करने का निर्णय लिया है। उप्र में बिजली के निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे विरोध प्रदर्शन के साथ प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने आगामी 01 जनवरी से शुरू होने वाले आंदोलन की तैयारी की और बिजली कर्मियों के बीच व्यापक जनसंपर्क किया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में कल हुई मीटिंग में देश की दस प्रमुख केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने श्रम संहिता एवं इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में और किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि हड़ताल की तारीख तय करने हेतु आगामी 22 दिसम्बर को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में एटक, इंटक, सीटू, एच एम एस, ए आई यू टी यू सी, टी यू सी सी, सेवा, ए आई सी सी टी यू, एल पी एफ, यू टी यू सी के पदाधिकारी सम्मिलित थे।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी दिलीप मौर्य ने बताया की इसी क्रम में 14 दिसंबर को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ बिजली कर्मचारियों की नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की बैठक हो रही है जिसमें उप्र से संघर्ष समिति के संयोजक एवं आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे सम्मिलित होंगे।

इस बैठक में श्रम संहिता तथा इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल के विरोध के साथ उप्र में बिजली के निजीकरण के विरोध में एक साल से अधिक से चल रहे आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आन्दोलन चलाने पर भी चर्चा होगी।

संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में आगामी 01 जनवरी से शुरू होने वाले आंदोलन की तैयारी हेतु आज व्यापक जनसंपर्क किया गया। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के आज 378 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

इस क्रम में आज संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में ई0 अमित सिंह, ई0 दीनानाथ मिश्रा, प्रिंस गुप्ता, संतोष गुप्ता , सुनील प्रजापति, सूरज प्रजापति, नारायण चंद्र चौरसरिया, दिलीप मौर्य , आशीष कुमार, भास्कर पांडेय, श्रवण प्रजापति, धीरेन्द्र यादव, मनोज यादव, रमेश प्रजापति , अशोक कुमार, रितेश कुमार, वीरेंद्र मौर्य समेत अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।

## छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला, रिहाई के बाद आरोपी ने दी धमकी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी पुत्री, जो गांव के एक कॉलेज में सातवीं कक्षा की छात्रा है।विगत 22 नवंबर को जनपद मुजफ्फरनगर के गांव हरसोली निवासी कादिर पुत्र हाक्कम और नदीम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए थे।परिजनों की खोजबीन और तहरीर के आधार पर पुलिस ने छात्रा और आरोपी कादिर को बरामद कर लिया था। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने आरोपी युवक को थाने से छोड़ दिया, जबकि छात्रा महिला थाना भेज दिया था जहां से महिला थाना की पुलिस ने छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपी युवक थाने से छूटने के बाद लगातार फोन कर जान से मारने की धमकियां दे रहा है, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है।पीड़ित ने एसपी और थाना पुलिस को शिकायत पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के स्मृति में कंबल और वस्त्र वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** स्वर्गीय पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के स्मृति में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आठवें दिन चतुर्वेदी परिवार ने सैकड़ो गरीबों में कंबल वस्त्र और नगदी वितरित किया। कंबल पाकर जहाँ गरीबो के चेहरे खुशी से खिल उठे तो वही गरीबों ने चतुर्वेदी परिवार का आभार व्यक्त किया। आपको बता दे की वैसे तो चतुर्वेदी परिवार लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहता है चाहे गरीबों की मदद की बात हो या फिर लोगों के सुख-दुख में सम्मिलित होने का चतुर्वेदी परिवार हमेशा इस कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है कड़ाके की ठंड में हर वर्ष चतुर्वेदी परिवार द्वारा हजारों गरीब परिवारों में कंबल और वितरण कार्यक्रम किया जाता है इसी क्रम स्वर्गीय पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी की स्मृति में उनके गाव भिटहा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सूर्या ग्रुप के निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने छोटे भाई राकेश चतुर्वेदी, बेटे अखंड और रजत चतुर्वेदी के साथ सैकड़ो गरीबों में कंबल वस्त्र और नगदी वितरित किया।

कंबल पाकर जहां गरीबों के चेहरे चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए चतुर्वेदी परिवार की प्रशंसा की। इस दौरान डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड में समय-समय पर लगातार चलता रहेगा।

## खलीलाबाद में 'राजवाड़ा रेस्टोरेंट' का शानदार आगाज,पूर्व विधायक जय चौबे ने किया उद्घाटन



**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के मनियरा में आज एक नए और भव्य भोजनालय 'राजवाड़ा रेस्टोरेंट' का शानदार शुभारंभ किया गया।रेस्टोरेंट के उद्घाटन कार्यक्रम में खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जय चौबे ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया।रेस्टोरेंट के मालिक राम सिंह चौधरी के नेतृत्व में, उनकी टीम ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जय चौबे का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक जय चौबे ने इस अवसर पर राम सिंह चौधरी को रेस्टोरेंट के सफल संचालन के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस भव्य आयोजन के दौरान प्रधान कौशल चौधरी, केसी पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, रमेश चौधरी, अवदेश सिंह, अभय नंद सिंह, अजय पाण्डेय, संदीप सिंह, मयंक सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कला भारती हील्स फेस्टिवल में उत्कृष्ट विभूतियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट और एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा

वेलकम इंडिया/डॉ.शंभू पंवार



**नई दिल्ली।**1प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था कला भारती द्वारा राजधानी के संसद मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशनल क्लब में हील्स फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य, शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट तथा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी परम शिवम् थे,विशिष्ट अतिथियों में रेडियो भुज, गुरुग्राम के निदेशक डॉ. मुकेश गंभीर, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. गौरव गुप्ता, फिल्म प्रोड्यूसर एवं अभिनेता रजत शर्मा तथा सिंगर सूर्या सिंह शामिल थे। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आकाशवाणी के सहायक निदेशक रामावतार बैरवा उपस्थित रहे।समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात संस्था की अध्यक्ष ममता सोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट हस्तियों को सम्मान प्रदान किया गया, जिनमें डॉ. सविता चड्ढा (साहित्य), डॉ. पुष्पा जोशी (शिक्षा), डॉ. शंभू पंवार (पत्रकारिता), नीलम कुमारी (स्वास्थ्य), योग गुरु मामचंद तौनगरिया (समाजसेवा), एतराम सिद्दकी जाहिल लखनवी (कला), मातीन अमरोही (उर्दू साहित्य) प्रमुख हैं, जिन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त मनोज कामदेव, डॉ. गीतांजलि, नीरज अरोरा गीत, उमंग सरीन, शुभम पंवार, संजय गिरी, राजीव त्यागी, स्वाति पूजा, नीरज कुमार, सरिता विजय शर्मा, फरीद अहमद फरीद, सीमा गर्ग मंजरी, सरिता गुप्ता सहित अनेक प्रतिभाओं को एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए।समारोह का सबसे प्रेरक और ऐतिहासिक क्षण तब बना, जब वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक, अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं पत्रकार-विचारक डॉ. शंभू पंवार को उनके चार दशकों के सशक्त, सार्थक और संघर्षपूर्ण पत्रकारिता सफर के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, गंभीर हालत में रेफर



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एलम बाईपास मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई।एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। दुसरी बाइक पर सवार युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सुचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बागपत जनपद के गांव हिलवाड़ी निवासी अभिषेक जैन गांव के अपने दोस्त साहिल के साथ बाइक पर सवार होकर झिंझाना क्षेत्र के कस्बा उन में अपनी बुआ के यहां रिश्तेदारी में गया हुआ था। बुधवार को दोनों युवक बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव हिलवाड़ी जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक पर सवार युवकों ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए और दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## दस दिन बाद भी नहीं हुआ लूट का खुलासा,पुलिस के हाथ खाली



**कांधला।** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर दस दिन पूर्व हुई सरार्फा व्यापारी के साथ लूट की घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। पीड़ित व्यापारी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर खुलासे की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी सरार्फा व्यापारी ओमवीर वर्मा ने गांव इस्लामपुर घसौली में ज्वेलरी की दुकान कर रखी है। व्यापारी विगत सोमवार की शाम अपनी दुकान बंद करके बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। जैसे ही सरार्फा व्यापारी चढ़ाव गांव के समीप पहुंचा तो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यापारी से नगदी जेवरात एवं मोबाइल सहित कीमती कागजात लूट लिए थे और फरार हो गए थे। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगलों में बदमाशों की तलाश की थी मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा था। पुलिस ने थाना क्षेत्र मे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश करते हुए फुटेज खंगाली थी। लूट की घटना को दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी। सरार्फा व्यापारी ने बुधवार को जनपद के उच्च अधिकारियों से पत्र भेजकर लूट के खुलासे की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## तमंचा लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कांधला।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज करें जेल भेज दिया है। एसपी शामली एनपी सिंह ने जनपद की पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही सुरक्षा दृष्टि से क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दे रखे हैं। मंगलवार की रात्रि उपनिरीक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के कैराना मार्ग पर गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम की नजर स्विमिंग पूल के निकट एक संदिग्ध युवक पर पड़ी पुलिस टीम ने जब युवक को रोककर पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी निकट के ही ईंख के खेत में घुस गया। पुलिस टीम ने साहस का परिचय देते हुए घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह क्षेत्र में किसी घटना को देने की फिराक में था पुलिस ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया और गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने अपना नाम रवि पत्र ओम सिंह निवासी ग्राम चढ़ाव बताया। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी बदमाश को जेल भेज दिया।

# दो माह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने किया बरामद

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने दो माह बाद बरामद कर लिया है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दंपति के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर है। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया है।

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी सलीम पुत्र वहीद ने दो महीने पहले अपने पुत्र अयूब व पुत्रवधू साजिदा के संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल से वापस आते समय लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता दंपति की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने लापता दंपति को जनपद बागपत के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव खामपुर लोहारी से एक किसान के घर से बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में दंपति ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली के लिए चले थे और लोनी रेलवे स्टेशन पर उतर गए थे। पैसे न होने के कारण दोनों भूखे प्यासे स्टेशन पर पड़े थे। इसी बीच शिवम पुत्र अजय निवासी खामपुर लोहारी ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों को खाना खिलाया था, उसी समय दंपति ने युवक से काम के बारे में बात की तो युवक दोनों को अपने खेत पर कार्य करने की बात की। तभी से दंपति शिवम के घर पर ही रहकर खेती का कार्य कर रहे थे।

पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपति को पीड़ित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दंपति के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। पीड़ित परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# मीमला में चार माह से जख्मी हालत मे घूम रहा गौवंश आवारा, ग्रामीणों में नाराजगी

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** गविकास खंड क्षेत्र के गांव मीमला रसूलपुर गुजरान में बिते चार महीनों से एक जख्मी गौवंश गंभीर हालत में सड़कों पर भटकने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण सोनू कुमार मुखिया ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेज कर जख्मी गोवंश का इलाज कराने एंव गौशाला भेजने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने बताया की घायल गौवंश लंबे समय से गांव की गलियों और खेतों के आसपास दर्द झेलते हुए घूम रहा है। उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, लेकिन ग्राम स्तरीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार मौखिक सूचना ग्राम सचिव को भी दी गई, लेकिन न तो उपचार करवाया गया और न ही घायल पशु को किसी नजदीकी गौशाला में भेजा गया। ग्रामीणों को डर है कि जख्मी गौवंश जो बीमार है, उसके संक्रमण का खतरा अन्य पशुओं तक भी फैल सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि घायल गोवंश के बाएं कान में लगे टैग नंबर ल्ऋ्रअ 160022828326 से यह साफ है कि यह किसी गौशाला से संबंधित है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभवतः गौवंश को लापरवाही के चलते गौशाला संचालक द्वारा ही आवारा छोड़ दिया गया है।सोनू कुमार मुखिया ने अपने पत्र में कहा कि प्रशासन को यह पता लगाना चाहिए कि यह गौवंश किस गौशाला से संबंधित है और उसे खुले में छोड़ने के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की है कि न केवल इस जख्मी गौवंश को तुरंत उपचार सहित नजदीकी गौशाला में स्थानांतरित किया जाए बल्कि संबंधित गौशाला संचालक पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि गांव के लोग स्वयं भी अपनी ओर से कई बार प्रयास कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण घायल गौवंश को राहत नहीं मिल पाई। गांव के पशुपालकों ने आशंका जताई कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई तो गांव में अन्य पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा सकता है।

## बीहटा इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव बीहटा में दुर्गा देवी इंटर कालेज में नेशनल ओरल हैल्थ प्रोग्राम के अन्तर्गत एक निशुल्क मुख एवं दंत शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर डॉ अमित सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।जिसमे डॉ गोपाल मोहन एवं डाक्टर मंजू द्वारा छात्र छात्राओं व स्टाफ का दंत परीक्षण किया गया। शिविर के आयोजन में आरबीएसके टीम स्याना का विशेष सहयोग रहा। शिविर के दौरान छात्र छात्राएं को मुख व दांत से संबंधित बीमारियों व उनकी रोकथाम की भी जानकारी दी।साथ ही तम्बाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति भी जागरूक किया।

# वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बच्चों को दी मॉडलिंग की शिक्षा, समाज में नई दिशा देने की अनूठी पहल

वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** वाराणसी की रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा इन दिनों समाज में नई रोशनी जलाने का काम कर रही हैं। उन्होंने बच्चों के भविष्य को निखारने और उन्हें सही मार्ग दिखाने के उद्देश्य से संस्थाओ में संस्था के बच्चों को एक विशेष फ्री प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार कई वर्षों से करती आ रही है। इस कार्यक्रम में बच्चों को मॉडलिंग, सिंगिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्टेज कॉन्फिडेंस और फ्यूचरझओरिएंटेड स्किल्स से जुड़े महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाए जा रहे हैं।

सचदेवा ने बच्चों को समझाया कि मॉडलिंग सिर्फ रैंप वॉक नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और खुद को सही तरीके से प्रस्तुत करने की कला है। उन्होंने बताया कि यदि शुरूआत सही दिशा में हो जाए, तो मंज़िल कभी दूर नहीं रहती।

बीते दो दिनों से चल रहे इस प्रशिक्षण में बच्चियों और बच्चों को यह भी सिखाया जा रहा है कि–

कैसे सही तरीके से मॉडलिंग की शुरूआत की जाए

स्टेज पर कैसे खड़ा हुआ जाए और पोज़िंग कैसे की जाए

दैनिक जीवन में आत्मविश्वास कैसे बढ़ाया जाए

डांस, संगीत और अभिव्यक्ति का मॉडलिंग में क्या महत्व है

भविष्य में करियर बनाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

सचदेवा ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए सबसे जरूरी है अनुशासन, लगन और अपना लक्ष्य स्पष्ट रखना।

उनकी इस पहल की अभिभावकों और स्थानीय लोगों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। समाज में बच्चों को नई दिशा देने और उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानने का मौका देने के इस प्रयास को सभी ने बेहद प्रेरणादायक बताया।

यह कार्यक्रम आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर आयोजित किए जाने की योजना है, ताकि वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के बच्चे अपने सपनों को पंख दे उड़ान भर सकें।



# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 105वें दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाएंगी 13,650 उपाधियां

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय 12 दिसंबर 2025 शुक्रवार को अपना 105वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में कुल 13,650 उपाधियां प्रदान की जाएंगी मुख्य समारोह स्वतंत्रता भवन में प्रातः ग्यारह बजे से आयोजित किया जाएगो बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह की पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य समारोह के दौरान मंच से 29 मेधावी विद्यार्थियों को दो चांसलर पदक,दो स्वर्गीय महाराजा विभूति नारायण सिंह स्वर्ण पदक और 29 बीएचयू पदक प्रदान किए जाएंगे।

समारोह के महत्व को रेखांकित करते हुए कुलपति जी ने कहा कि दीक्षांत केवल शैक्षणिक डिग्री का औपचारिक समापन नहीं,बल्कि एक विद्यार्थी के जीवन वह महत्वपूर्ण क्षण है जो वर्षों के परिश्रम का परिणाम होने के साथ ही एक नई यात्रा की शुरूआत भी है उन्होंने कहा कि बीएचयू इस बात पर गौरवान्वित है कि वह विद्यार्थियों को ऐसे तैयार कर रहा है जो पेशेवर उपलब्धियों के साथ साथ मजबूत नैतिक मूल्यों का भी पालन करते हैं कुलपति जी ने यह भी कहा कि बीएचयू के विद्यार्थी और पुरा छात्र विश्वविद्यालय से आजीवन भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं क्योंकि बीएचयू का अनुभव केवल शिक्षण और शोध पर आधारित नहीं है बल्कि यह चरित्र निर्माण और सामुदायिक भावना पर भी आधारित है

कुलपति जी ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के आधिकारिक पुराछात्र पोर्टल ६६६.ंद्धेल्लुं,४.ल्ल से जुड़कर विश्वविद्यालय समुदाय से जुड़े रहने और विश्वविद्यालय के भविष्य के विकास में योगदान देते रहने के लिए प्रेरित किया।

परीक्षा नियंता प्रो.सुषमा घिल्डियाल ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन ने समारोह को सफल बनाने के लिए संकायों, विभागों और अन्य इकाइयों के साथ व्यापक समन्वय किया है उन्होंने बताया कि परंपरागत दीक्षांत पोशाक, साफा और उत्तरिया का वितरण संकाय स्तर पर बहुत व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है ताकि अंतिम समय की भीड़ से बचा जा सके।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.विजय कुमार सारस्वत,सदस्य,नीति आयोग और जेएनयू के कुलाधिपति, एक प्रख्यात रक्षा वैज्ञानिक हैं डॉ.सारस्वत ने भारत के स्वदेशी मिसाइल कार्यक्रमों, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम और कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वे डीआरडीओ के सचिव भी रह चुके हैं और वैकल्पिक ऊर्जा,सुपरकंप्यूटिंग,सिलिकॉन फोटोनिक्स,भारतीय माइक्रोप्रोसेसर और मेथनॉल अर्थव्यवस्था जैसे अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भी मार्गदर्शन देते रहे हैं।

पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. सारस्वत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयासों को सलाहकार की भूमिका के माध्यम से निरंतर दिशा देते रहे हैं।

मुख्य समारोह के आयोजन स्थल स्वतंत्रता भवन को विशेष रूप से सजाया गया है कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद् के सदस्य,विभिन्न संस्थानों व संकायों के सदस्य व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों और संकायों द्वारा उपाधि वितरण समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किये जाएंगे (विवरण संलग्न)` यह समारोह 12 से 14 दिसंबर को आयोजित किये जाएंगे जिनमें विशिष्ट शिक्षाविद व गणमान्य अतिथि विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित करेंगे (सूची संलग्न)

दस दिसंबर बुधवार को दोपहर बारह बजे तक तकरीबन 11000 विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करने हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपनी सहमति दर्ज कर दी है `इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में 7,449 स्नातक, 5,484 स्नातकोत्तर, 712 पीएचडी,4 एम.फिल और डॉ. ऑफ साइंस की एक उपाधि प्रदान की जाएगी ` डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री चिकित्सा संकाय में प्रदान की जा रही है सभी संस्थानों व संकायों में कुल 554 पदक प्रदान किए जाएंगे।

आठ दिसंबर को कुलपति जी की अध्यक्षता में हुई विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद् की बैठक में दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों,पदकों एवं नकद पुरस्कारों को अनुमोदित कर दिया था।

# ऑपरेशन सवेरा 2.0 के संबंध में कैलाशपुर में सभी गांव वासियों की चौपाल लगाई




**वेलकम इंडिया /राजीव चौधरी**

**गागलहेडी।** ऑपरेशन सवेरा-2,0 नशा करने वाले व मादक पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री करने वालो के विरूद्ध थाना गागलहेडी पुलिस अलर्ट मोड़ पर,क्षेत्र में चौपालें लगाकर लोगों को किया जागरूक।

क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव द्वारा कैलाशपुर में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों से कहा,,नशे से दूरी,है इस मौके पर थानाध्यक्ष गागलहेडी प्रवेश शर्मा भी रहे मौजूद।

गागलहेडी थानाध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने कहा नशा करना शरीर के लिए हानिकारक है,इस लिए नशे के अंधकार से दूर रहें। नशा मुक्ति को लेकर सरकार भी बार बार तरह तरह के अभियान चलाकर आपको जागरूक करने के प्रयास में लगी है,कि नशे के अंधकार से दूर रहकर कभी उजाले की और बढ़कर देखो,तब आपको मालूम होगा,कि उजाला आपके शरीर व आपके परिवार के लिए लाभकारी है।

नशा मुक्ति अभियान को लेकर थाना गागलहेडी पुलिस भी इस समय अलर्ट मोड़ पर है।थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में गागलहेडी पुलिस टीमे चौपाले लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है,कि नशे का अंधकार छोड़ो,उजाले की और बढो।

ऑपरेशन सवेरा 2,0 के चलते गांव कैलाशपुर में क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव ने गांव वालों से रूबरू हो सीधी बात की।इस मौके मौजूद। इस चौपाल में प्रिया यादव ने कहा,कि यदी कोई भी,अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करते पाया जाता है,तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे।इस मौके पर भारी सख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्रकारिता जगत का गौरव बढ़ा

# प्रदेश मानवाधिकार संगठन ने ठवख अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव व टीम को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** प्रदेश मानवाधिकार संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (ठवख) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुंदन श्रीवास्तव जी एवं उनकी समर्पित टीम को उत्कृष्ट एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री कुंदन श्रीवास्तव जी और उनकी टीम ने पत्रकारिता को सत्य, न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में नई मजबूती प्रदान की है।

समाजहित में निरंतर सक्रिय रहकर उन्होंने पत्रकारिता के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य किया है। सम्मान ग्रहण करते समय श्री कुंदन श्रीवास्तव जी ने इस सम्मान को पत्रकारिता की जिम्मेदारी और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलकर जनता की आवाज को बुलंद करना सदैव उनकी प्राथमिकता रही है। प्रदेश मानवाधिकार संगठन की यह पहल निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम के रूप में देखी जा रही है।

# बड़ागांव बाजार के बालाजी साड़ी घर व केसरी हार्डवेयर के ऑनर हर्ष केशरी ने रक्तदान से बचाई कैंसर पीड़ित की जान

**वाराणसी।** अभ्युदय सेवा समिति के सदस्य बड़ागाँव निवासी बालाजी साड़ी व केशरी हार्डवेयर के ऑनर हर्ष केशरी ने एक दुर्लभ रक्त समूह वाले कैंसर पीड़ित का होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में स्वयं के खर्चे से जाकर रक्तदान कर उसकी जान बचाई हर्ष केशरी के इस कार्य से समाज में उनके सफल व्यापारी के साथ साथ सफल सामाजिकता को भी दशार्ता है। अभ्युदय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य हर्ष केशरी न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं बल्कि अपने नियमित रक्तदान के माध्यम से कई लोगों की जिंदगी भी बचा रहे हैं वह हर वर्ष तीन से चार बार रक्तदान करते हैं और उनकी इस निस्वार्थ सेवा भावना से समाज को बहुत लाभ हो रहा है। अभ्युदय सेवा समिति को गर्व होता है, अपने ऐसे सामाजिक सेवकों पर जो कि संस्था के एक आवाज पर अपना निजी कार्य व व्यापार छोड़ कर निस्वार्थ भाव से पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते है।

# स्व . कुंवर महीपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व आजीवन अध्यक्ष स्वर्गीय कुंवर महीपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्या डॉ प्रियंवदा एवं छात्राओं ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया।

यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्वर्गीय कुंवर महीपाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

महाविद्यालय की प्रबंध समिति के उप-प्रबंधक नवनीश कुमार ने कॉलेज के सभी लोगों से कहा कि यह सबका कर्तव्य है कि वे दिवंगत महीपाल सिंह के बताए अच्छे रास्ते और सिद्धांतों पर चलें। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से कहा कि आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप देश को अच्छे नागरिक दें, इसलिए आपको खुद भी एक आदर्श जीवन जीना चाहिए।

वरिष्ठ समाजसेवी अनिल पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि ३राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र के अस्तित्व में ही हमारा अस्तित्व निहित है। हमें सदैव राष्ट्र सेवा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर ग्राम बुडगरा तथा अन्य क्षेत्रों से आए अतिथियों संजय कुमार, अवनीश राठी, प्रियांशु एवं मोहम्मद गुलिस्तान के अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल काशी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक समारोह अभिज्ञान 2.0





**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल काशी के प्रांगण में बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह अभिज्ञान 2.0 अत्यंत उत्साह,भव्यता और शानदार प्रस्तुतियों के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया` यह कार्यक्रम विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता,सांस्कृतिक रचनात्मकता और विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास को एक मंच पर प्रस्तुत करने वाला प्रभावशाली आयोजन साबित हुआ` संध्या में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों,पूर्व छात्रों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही जिनके साथ पूरा प्रांगण उत्साह से भर उठा।

समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ` ज्ञान और प्रबोधन के इस प्रतीकात्मक आरंभ ने पूरे वातावरण को पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दियो इसके पश्चात कक्षा दो से चार के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक श्लोक वाचन ने सभी को आध्यात्मिक शांति का अनुभव करायो विद्यालय के प्रतिष्ठित अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं सम्मान किया गया जिसके बाद विद्यालय की कोपर टीम द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत प्रेलुडे ऑफ ग्रेस ने समारोह को एक सुंदर,प्रेरक और सौहार्दपूर्ण स्वर प्रदान कियो

इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य मृणाल चौधुरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय द्वारा वर्षभर में प्राप्त शैक्षणिक उपलब्धियों,नवाचारों,खेल व सांस्कृतिक सफलताओं तथा नई शैक्षिक पहलों का विस्तृत विवरण शामिल था उन्होंने विद्यालय की सीखने की निरंतर परंपरा और समग्र विकास के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पीजी से कक्षा पांच तक के नन्हें कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति विसडम टेल्स फ्रॉम पंचतंत्र द्वारा मंच पर जीवंतता बिखेरी,विद्यार्थियों ने पशु पात्रों की रोचक भूमिकाओं के माध्यम से नैतिक मूल्यों, बुद्धिमत्ता और जीवन के सार को सरल व मनोरंजक शैली में प्रस्तुत किया `इस प्रस्तुति ने दर्शकों को आनंदित करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण जीवन संदेश भी दिए।

समारोह के दौरान कक्षा दस और बारह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया` हयूमैनिटीज,साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम के टॉपर्स सहित कक्षा दस के सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किए गए जिसने उपस्थित विद्यार्थियों में प्रेरणा और उत्साह का संचार किया।

कार्यक्रम के द्वितीय खंड में विद्यार्थियों ने दी वॉइस ऑफ नेचर शीर्षक से एक सुंदर एवं प्रभावशाली नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जिसमें प्रकृति की सुंदरता,मानव द्वारा किए जाने वाले हस्तक्षेप से उत्पत्र समस्याएँ और पर्यावरण संरक्षण का संदेश संवेदनशील रूप से दशार्या गया` वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने ३नवरस भावनाओं की तरंगें३ विषय पर आधारित आकर्षक नृत्य- नाटिका प्रस्तुत की जिसमें मानव जीवन की नौ भावनाओं- श्रृंगार,हास्य,करुण,रौद्र, वीर,भयानक,बीभत्स,अद्भुत और शांत- को नृत्य,अभिनय और अभिव्यक्ति के माध्यम से जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गयो भावों की लय,मनोहर मंच सज्जा, उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था और प्रभावशाली संगीत ने दोनों प्रस्तुतियों को अत्यंत प्रभावी बना दिया जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा।

अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी संबोधनों में विद्यार्थियों की प्रस्तुति,अनुशासन,उत्साह और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की प्रशंसा की उन्होंने भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों को प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में जिग्येशा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन में सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# एसआइआर प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व भाजपा हुई सक्रिय

**बागेश्वर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार ने कहा है कि एसआइआर के मामले में भाजपा अन्य दलों से कई आगे निकल चुकी है। कहा कि प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 की तैनाती कर दी है तथा 31 दिसंबर से पूर्व बीएलए-2 की नियुक्ति कर दी जाएगी। कहा कि भाजपा एसआइआर की तैयारियां पूर्ण कर चुकी है जबकि अन्य विपक्षी दल इस मामले पर अब तक सोच भी नहीं पाए हैं।भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन गई है।

प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन परिहार इन दिनों जनपद भ्रमण में हैं। उन्होंने एक भेंट में बताया कि निर्वाचन आयोग के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों की बैठक के बाद से भाजपा ने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया तथा प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 नियुक्त कर दिए हैं। साथ ही 31 दिसंबर से पूर्व प्रदेश के 11,733 बूथों में बीएलए-2 नियुक्त कर दिए जाएंगे।

# अब चश्मे से आजादी होगी आसान, उमाप्रेम नेत्रालय ने शुरू की 2025 मॉडल कंटोरा विजन तकनीक

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** उमाप्रेम नेत्रालय हमेशा से उत्कृष्ट नेत्र सेवाओं के लिए जाना जाता है इसी क्रम में अस्पताल में नवीनतम कंटोरा विजन,वेव लाइट ईएक्स 500 एक्ससिमर लेजर (लेटेस्ट 2025 मॉडल) तकनीक का शुभारंभ हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुओ शुभारंभ के पश्चात संबोधित करते हुए हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि इस उन्नत तकनीक के शुरू होने से अब पूर्वांचल के मरीजों को चश्मा हटाने और बेहतर दृष्टि सुधार के लिए महानगरों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा यह मशीन सुरक्षित,तेज और विश्वस्तरीय परिणाम देने में सक्षम है।

पत्रकार वार्ता के दौरान हॉस्पिटल निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि कंटोरा विजन प्लस इएक्स 500 तकनीक के माध्यम से नाइट विजन में सुधार,ग्लेयर और हेलो में कमी तथा एचडी विजन जैसी अधिक स्पष्ट और सटीक दृष्टि प्राप्त होती है यह प्रक्रिया आधुनिक ह्यटच-लेस लेजर सर्जरी पर आधारित है जिससे उपचार अधिक सुरक्षित,दर्द रहित और त्वरित रिकवरी के साथ पूरा हो जाता है।

अस्पताल की निदेशिका शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस तकनीक की शुरूआत पूर्वांचल की चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और हमारा उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की नेत्र चिकित्सा सेवा अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना है।

पत्रकार वार्ता में मुख्य रुप से डॉ.दीप्ति सिंह,डॉ.दिनकर, डॉ.अंजलि भारद्वाज, डाक्टर अभिषेक दीक्षित एवं उमाप्रेम नेत्रालय की पूरी टीम उपस्थित रही।

# कपकोट में चार दिन का होगा उत्तरायणी मेला : विधायक

**कपकोट।** आगामी माघ मास में होने वाली उतरायणी मेले की तैयारियों को लेकर कपकोट नगर पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई।नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेले को भव्य और सुंदर बनाने को लेकर चर्चा की गई।वहीं मेले के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई।मुख्य अतिथि और कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि मेले को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए हम सभी को अपने स्तर से बेहतर प्रयास करने होंगे।प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि मेला यादगार व ऐतिहासिक हो।कैसे मेला भव्य हो इसके लिए पूर्व में मेले के आयोजन की तैयारियों की रूपरेखा तैयार करनी होगी।

उन्होंने मेले को भव्य बनाने हेतु अपने स्तर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने कहा कि मेले को भव्य बनाने हेतु सभी नगरवासी अपनी राय दे सकते हैं।मेले का आयोजन पूर्व वर्षों की भांति तीन दिन से बढ़ाकर चार दिन तक कराने पर आमसहमति बनी।साथ ही मेलार्थियों,बाहरी व्यापारियों को मेले में पर्याप्त व्यवस्थाए मिले इसके लिए मेला समिति और जिला प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किए जाने की बात कही। हम सभी का प्रयास कैसे देश विदेश में हमारे दानपुर पट्टी की सांस्कृतिक धरोहर, हमारी पुरानी रिंजिरिवाज, और स्थानीय मेले को पहचान मिले, यहां के प्रमुख उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार में उचित स्थान मिले, मेला भव्यता से आयोजित हो सके इसके लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील की। अधिशासी अधिकारी बलवंत सिंह रावत ने बैठक का संचालन करते हुए सभी वार्ड सदस्यों और सम्भ्रांत नागरिकों से इसके लिए सहयोग की अपील की। इस मौके पर सभासद गजेन्द्र सिंह कपकोटी सभासद गणेश चंद्र ब्लाक प्रमुख भावना शाही दयाल सिंह ऐठानी,शेर सिंह ऐठानी, वरिस्ठ पत्रकार गणेश उपाध्याय, सभी वार्डो के सभासद, सहित जिला पर्यटन अधिकारी पी के गौतम ब्लाक शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का भव्य समापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली -एनसीआर केंपस गाजियाबाद में स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2025 का 8 दिसंबर एव 9 दिसंबर को आयोजित किया गया। संस्थान एसआरएम आई एस टी के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री सुनील कुमार शर्मा आई टी और इलेक्ट्रॉनिक उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि भारत में इस प्रकार के आयोजन से ना केवल देश के विकास में योगदान मिलेगा बल्कि विश्व में अपने देश की पहचान और भी मजबूत होती है आज के युवा पीढ़ी को अपने देश में ही नवाचार करने के लिये प्रोत्साहित करना आवश्यक है ताकि देश की प्रतिभा को देश में सम्मान और पहचान मिले , इंस्टिट्यूट के डीन प्रोफेसर आर.पी महापात्रा इस अवसर मौजूद रहे एवं डीन आईक्यूएसी एवं नोडल सेंटर प्रभारी, डॉ. धौम्या भट्ट ने अपने समापन सम्बोधन में कहा की एस आर एम आई एस टी हमेशा ही इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से देश और समाज की सेवा करता रहा हैं आज की युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ना चाहिए और देश और समाज के उत्थान के लिये काम करना चाहिए ताकि देश की तरक़्की हो सके.तत्पश्चात, संस्थान के तरफ से ज्यूरी मेम्बर्स को सम्मानित किया गया और उनके योगदान के लिये उन्हें पुरस्कृत किया गया, और कार्यक्रम में शामिल हुए सभी मेण्टर्स जो अलग -अलग टीम को गाइडेंस प्रदान कर रहे थे उन्हें भी सम्मानित किया गया , प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम का वास्तविक उद्देश्य छात्रों को एक वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के टूल्स से समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करते रहना होगा। ये गर्व की बात है कि एसआरएम आईईएसटी दिल्ली एनसीआर कैंपस में एस आई एच ग्रैंड फिनाले में 25 टीम्स ने हिस्सा लिया और प्रतिभागी ने मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट के 5 प्रॉब्लम स्टेटमेंट का सलूशन ढूँढें ।

इस 36 घंटे नॉन स्टॉप हैकथॉन है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने इस नोडल केंद्र में भाग लिया है। इस प्रतियोगिता के 5 हर विजेता टीमों को 1.5 लाख रुपए की धन राशि दी गई एवम एस आर एम आई एस टी दिल्ली एनसीआर कैम्पस के तरफ से अन्य 5 डिस्टिंगुइश परफॉर्मर टीमों को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान कि गई

इस प्रतियोगिता के 5 विजेताओं टीमों का नाम कुछ इस तरह है। विजेता टीम रही कोडिन गुरुस वेजिट 2 जॉइंट विजेता टीम लॉजिक एक्स और विंटरर्स इज आवर्स, विजेता टीम समाधान बंधु ,विजेता टीम रहा बाइटफोर्ज और विजेता टीम रहा ओरिजिनल , इसके अलावा 5 डिस्टिंगुइश परफॉर्मर अवार्ड भी विजेताओं को दिया गया इन प्रतिभागियों का मूल्यांकन विभिन्न जज,जूरी द्वारा किया गया , जुगल किशोर, निरीक्षण अधिकारी, पुष्प सेन सत्यार्थी, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, अनुज कुमार, अनुभाग अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, डॉ. विनीता कुमारी, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षमता निर्माण प्रभाग, डॉ. प्रभात कुमार राय, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डॉ. संजीव बर्मन, एसएसपीएल , भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया ।

# ग्राम अबूपुर में माता रमाबाई लाइब्रेरी एवं टेबल लैब का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अबूपुर में डॉ. अंबेडकर समाज कल्याण समिति द्वारा निर्मित माता रमाबाई लाइब्रेरी एवं टेबल लैब के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक डॉ मंजू शिवाच शामिल हुई।

विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह नया शैक्षिक केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान, शिक्षा एवं डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

ह्यमाता रमाबाई लाइब्रेरीह्ल जहां पठन-पाठन को बढ़ावा देगी, वहीं टेबल लैब छात्रों को तकनीकी, डिजिटल एवं प्रायोगिक शिक्षा से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।इस पहल से निश्चय ही क्षेत्र की शैक्षिक गुणवत्ता में सकारात्मक व दूरगामी परिवर्तन होगा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री असीम अरुण , सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामचंद्र कन्नौजिया,चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, राजन चौधरी, तथा सामान्य, पिछड़ा एवं सभी वर्गों से जुड़े सम्मानित गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कृषा वर्मा ने डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर की प्रतिभा कृषा वर्मा ने शहर और समाज का नाम रोशन किया है।स्वर्णकार समाज के लोगों का कहना है कि गर्व का विषय है, कि स्वर्णकार समाज मोदीनगर कृषा वर्मा सुपुत्री जगमोहन वर्मा ने 3झ10 दिसंबर को गाजियाबाद में आयोजित डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यू-9 बालिका वर्ग में 2 गोल्ड मेडल (सिंगल्स व डबल्स) और 1 सिल्वर मेडल (मिक्स डबल्स) अपने नाम किए।यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। कृषा वर्मा ने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे स्वर्णकार समाज का सम्मान बढ़ाया है। स्वर्णकार समाज मोदीनगर संगठन की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

# अपराध मुक्त सेवा समिति ने रोहिंग्या लोगों को शहर से निकालने की मांग की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अपराध मुक्त गाजियाबाद सेवा समिति के पदाधिकारियों ने रोहिंग्या लोगों के मोदीनगर में रहने के आरोप लगा तहसील में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रोहिंग्या लोगों को शहर से निकालने की मांग की गई। समिति के लोग बुधवार को तहसील में पहुंचे। समिति के लोगों ने आरोप लगाया कि मोदीनगर में विजयनगर कॉलोनी में दो, बिसोखर, लंकापुरी, काजमपुर, सुमन सिनेमा के पीछे रोहिंग्या लोग रह रहे हैं। समिति के पदाधिकारी ने इन लोगों पर आपराधिक वारदातों में शामिल होने का आरोप लगाया। एसडीएम ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आशीष, अभिनव, पंकज कंसल आदि मौजूद रहे।

# मासूम बच्ची से छेड़छाड़

**मोदीनगर।** शहर की एक कॉलोनी में चार साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप दूर के रिश्तेदार पर है। बच्ची घर पर अकेली थी, तभी आरोपी ने उसके प्राइवेट पार्ट्स से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे पीटा गया। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है। कॉलोनी का रहने वाला एक वकील अपनी पत्नी और चार साल की बेटी के साथ रहता है। वकील की थाने में दी गई शिकायत के मुताबिक, उसकी पत्नी करीब एक महीने से परेशान थी। जब उसने वजह पूछी, तो पता चला कि आरोपी रिश्तेदार उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर रहा था। जब वह घर पर अकेली होती थी, तो वह उसके प्राइवेट पार्ट्स से छेड़छाड़ करता था। बेटी ने कुछ दिन पहले ही उसकी पत्नी को इस बारे में बताया था।

# राजनगर एक्सटेंशन में लिफ्ट हादसे से सनसनी, युवक घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की संचार रेजिडेंसी सोसाइटी में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। सोसाइटी की 11वीं मंजिल पर स्थित लिफ्ट अचानक बेसमेंट तक गिर गई और इसके बाद बिना किसी कमांड के ऊपर 12वीं मंजिल पर चली गई। तेज आवाज के साथ गिरने के कारण हड़कंप मच गया। इस हादसे में लिफ्ट में सवार एक युवक का पैर टूट गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सी ब्लॉक की 11वीं मंजिल पर रहने वाले सौरभ के घर मंगलवार को एक मित्र आया था। बुधवार सुबह लगभग छह बजे वह वापस जाने के लिए लिफ्ट में चढ़ा और ग्राउंड फ्लोर का बटन दबाया। तभी लिफ्ट झटके के साथ सीधे बेसमेंट में जा गिरी। इसके बाद लिफ्ट बिना किसी कमांड के ऊपर 12वीं मंजिल पर चली गई और लिफ्ट रूम और 12वीं मंजिल के बीच अटक गई। हवा में तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर दौड़े। लोगों ने अपनी मदद से घायल युवक को लिफ्ट से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल भेजा। सोसाइटी निवासी मुकुल ने बताया कि लिफ्ट गिरने के दौरान युवक उछलकर उसमें गिर पड़ा, जिससे उसका पैर टूट गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सोसाइटी में लिफ्ट अक्सर अटकती रहती हैं। कुछ दिन पहले भी एक बच्ची समेत तीन लोग लिफ्ट में फंसे थे। इससे पहले एक बुजुर्ग को भी बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था। लोगों ने कहा कि घटना के समय कई बार सुरक्षा को कॉल किया गया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। सोसाइटी के निवासी अवनीश गुप्ता ने बताया कि संचार रेजिडेंसी सहकारी समिति आधारित सोसाइटी है, जिसमें तीन टॉवर में 198 फ्लैट हैं। यहाँ अधिकांश बीएसएनएल कर्मचारी रहते हैं और कई फ्लैट किराए पर दिए गए हैं। सोसाइटी का रखरखाव मैनेजिंग कमेटी के पास है, जिसमें कोई भी सदस्य सोसाइटी में नहीं रहता। लिफ्ट में इंटरकॉम और सीसीटीवी नहीं है। जिस टावर में लिफ्ट अटकी, उसमें तीन में से केवल एक लिफ्ट चालू है। खराब लिफ्ट के उपकरण बदलने में भी देरी होती है। चार दिसंबरः देविका स्काइपर सोसाइटी में 20 मिनट तक दो लोग लिफ्ट में फंसे। तीन दिसंबरः कुणाल रेजिडेंसी में चौथी मंजिल से बेसमेंट में लिफ्ट गिरने से किशोर की कोहनी में चोट।

दो दिसंबरः प्रताप विहार की कुणाल रेजिडेंसी में चौथी मंजिल से लिफ्ट गिरने से चार लोग घायल।

# एनसीईआरटी बनाम महंगी निजी किताबें : आईपीए का डीएम से सवाल अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कब रुकेगा

वेलकम इंडिया / अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने आज जिला स्तरीय शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) के अध्यक्ष जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर शिक्षा सत्र 2026झ27 में जिले के सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों को 100% अनिवार्य रूप से लागू कराने की माँग की। आईपीए ने ज्ञापन में अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ, निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों, अनावश्यक बदलावों और फीस अधिनियम 2018 के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

आईपीए द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों पर डीएफआरसी की बैठक बुलाकर स्पष्ट दिशाझनिर्देश जारी करने की माँग की गई–

1.कक्षा 1 से 12 तक सभी विद्यालयों में उपलब्ध विषयों की 100% एनसीईआरटी पुस्तकें अनिवार्य की जाएँ।

2.नर्सरी से कक्षा 8 तक पुस्तकों में हर वर्ष होने वाले अनावश्यक बदलाव पर रोक लगाई जाए।

3.बुकझएक्सचेंज की अनुमति देकर अभिभावकों को राहत दी जाए।

4.फीस अधिनियम 2018 के अनुसार ही फीस वृद्धि व शुल्क प्रकटीकरण सुनिश्चित कराया जाए।

5.मासिक/तिमाही–दोनों शुल्क विकल्प उपलब्ध कराना विद्यालयों के लिए अनिवार्य किया जाए।

6.यूनिफॉर्म में पाँच वर्ष से पहले बदलाव पर रोक लगाई जाए।

7.एनसीईआरटी पुस्तकों की ओवरझप्राइसिंग व कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाए।

आईपीए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी और उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि

ह्लजिले के हजारों अभिभावक महंगी निजी पुस्तकों, अनियमित फीस वृद्धि और अनावश्यक बदलावों से परेशान हैं। एनसीईआरटी पुस्तकों के 100% अनुपालन से शिक्षा अधिक पारदर्शी के साथ सस्ती और सुलभ होगी। हम अपेक्षा करते हैं कि जिलाधिकारी जी की अध्यक्षता में डीएफआरसी इसकी मॉनिटरिंग कड़ाई से सुनिश्चित करेगी।ह्व

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत का कहना है कि

ह्लएनसीईआरटी पुस्तकों पर कृत्रिम कमी और ओवरझप्राइसिंग विद्यार्थियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। डीएफआरसी की तत्काल बैठक जरूरी है ताकि सत्र 2026झ27 के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी हों और अभिभावकों को वास्तविक राहत मिल सके।ह्व

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आशा व्यक्त की है कि जिला प्रशासन छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए उपर्युक्त बिंदुओं पर त्वरित निर्णय लेगा। इस मौके पर विनय कक्कड़, महिपाल रावत , दीपांशु मित्तल, राहुल शर्मा , अमित चौहान, एडवोकेट नीरज गहलोत, एडवोकेट समित त्यागी , अखिलेश कुमार गौतम , संतराज चौहान , विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे

# अवैध शराब माफियाओं के नेटवर्क पर ताबड़तोड़ प्रहार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने जिले में माफियाओं और छोटे तस्करों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम खुद इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी कड़ी कार्यशैली और सतर्कता के कारण अवैध शराब के कारोबार में खौफ फैल गया है और विभाग लगातार नई सफलताएं हासिल कर रहा है। मंगलवार रात आबकारी विभाग को एक महत्वपूर्ण सूचना मिली कि हरियाणा से अवैध शराब की एक खेप गाजियाबाद की सीमा में स्थित गोदाम में पहुंचाई जा रही है और वहीं से दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में ऑन डिमांड सप्लाई की जा रही है। सूचना मिलने के तुरंत बाद जिला आबकारी अधिकारी और उनकी टीम पूरी तरह से अलर्ट हो गई और बताई गई जगह माही वाटिका, टीला शाहबाजपुर, थाना लोनी बार्डर क्षेत्र में दबिश के लिए रवाना हुई। रात के अंधेरे में टीम ने वहां छिपकर निगरानी रखी। थोड़ी देर बाद एक क्रेटा कार मौके पर आई और उसमें से दो स्कूटी सवार युवक शराब की पेटियां निकालने लगे। जैसे ही टीम ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखी, आबकारी अधिकारी और उनकी टीम ने तुरंत घेराबंदी शुरू की। गाड़ी चालक और स्कूटी सवार युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने दो युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिमांशु कुमार, निवासी संतोषपुर, बागपत और शिवा, निवासी मंडौली विस्तार, हर्ष विहार, दिल्ली के रूप में हुई। जांच के दौरान आरोपी ने बताया कि वे हरियाणा से शराब लाकर दिनेश, निवासी न्यू विकास नगर, लोनी के गोदाम में छिपाते हैं। गोदाम से यह शराब दिल्ली और एनसीआर में बेचने के लिए भेजी जाती थी। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर आबकारी टीम ने दिनेश के गोदाम में भी दबिश दी और वहाँ से 53 पेटी देशी शराब बरामद की। इस प्रकार कुल 123 पेटी हरियाणा मार्का अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। बरामद शराब में प्रमुख रूप से फ्रेश संतरा मसालेदार देशी शराब, नाइट ब्लू मेट्रो लीकर देशी शराब और संतरा देशी शराब शामिल थीं। इस कार्रवाई में मौके पर मौजूद टीम ने कार और दो स्कूटियों को भी जब्त किया। इस अभियान के दौरान कार में सवार और स्कूटी चालक दो अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश अभी जारी है। गिरफ्तार और फरार आरोपियों के खिलाफ थाना लोनी बार्डर में आबकारी अधिनियम की धारा 63/72 और बीएनएस की धारा 111 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया कि विभाग हरियाणा और अन्य राज्यों से शराब तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करने वाले गिरोहों पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य न केवल अवैध शराब के कारोबार को रोकना है बल्कि युवा पीढ़ी को नशामुक्त और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना भी है। इसके लिए विभाग ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है और सभी संवेदनशील मार्गों पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

# हाउस टैक्स विवादः जनता परेशान, राजनीति गरम

**गाजियाबाद।** हाउस टैक्स को लेकर पिछले आठ महीनों से नगर निगम में राजनीति जारी है, लेकिन हल आज तक नहीं निकला। जनता लगातार बढ़े हुए टैक्स जमा कर रही है और महापौर के तमाम प्रयासों के बावजूद बढ़े हुए बिल जारी हो रहे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर इस पूरी प्रक्रिया के पीछे कौन सक्रिय है। मेयर सुनीता दयाल ने शुरू से ही हाउस टैक्स में बढ़ोतरी पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। जब सदन की मुखिया महापौर हैं तो सवाल यह भी उठता है कि उनकी जानकारी के बिना कैसे इतना बड़ा निर्णय लिया गया। बढ़े हुए टैक्स के नोटिस मिलने के बाद महापौर सक्रिय हुईं और उन्होंने नगर निगम बोर्ड की आपात बैठक बुलाकर बढ़े हुए टैक्स का प्रस्ताव रद्द कर दिया। इस बैठक में सांसद और मंत्री जो निगम के पदेन सदस्य हैं, उनकी भी मौजूदगी रही। हाउस टैक्स प्रस्ताव रद्द होने के बावजूद नगर निगम की बैठक की मिनट्स को पार्षदों तक पहुँचाने में देरी हुई। पार्षदों को मिनट्स के लिए धरना तक देना पड़ा, जो निगम के इतिहास में पहली बार हुआ। सांसद, विधायक और मंत्री की मौजूदगी में हुई बैठक की मिनट्स प्रदान करने में देरी पर सवाल खड़े हो गए। चोरी-छिपे मिनट्स की प्रतियां पार्षदों के हाथ लगीं और इस पर हाईकोर्ट में सुनवाई भी लंबी चली। गाजियाबाद में मेयर भाजपा की हैं, निगम में भाजपा का प्रचंड बहुमत है, सांसद और विधायक भी भाजपा के हैं, और यहां दो-दो मंत्री भी हैं। इसके बावजूद हाउस टैक्स में जनता को राहत नहीं मिल पा रही। इससे जनता के भरोसे पर सवाल उठ रहे हैं। राजनीतिक बयानबाजी तो जारी है, लेकिन जनता को राहत और न्याय चाहिए।

राजनीति के तमाम दावों के बावजूद अगर हाउस टैक्स जैसे सीधे तौर पर जनता से जुड़े मुद्दे पर समाधान नहीं हो पा रहा, तो यह विश्वासघात जैसा प्रतीत होता है। इस गंभीर मुद्दे को हल करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को राजनीति से ऊपर उठकर एक बैठक बुलानी चाहिए। हाउस टैक्स मामले में अदालत भी दखल दे रही है, लेकिन इससे जिम्मेदारी से कोई बच नहीं सकता। उच्च न्यायालय में लंबी सुनवाई के बावजूद ठोस परिणाम नहीं निकले हैं। मामला भले ही अदालत में हो, लेकिन जनता की परेशानी कम नहीं हुई।

# नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को लगाई फटकार, 33 रुके कार्य शुरू करने का आदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जलकल विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने विभागीय सुस्ती पर नाराजगी जताई और चल रहे कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने का स्पष्ट निर्देश दिया। बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों, अभियंताओं, सुपरवाइजर और पूरी टीम के साथ बैठक कर पाँचों जोनों में जल संबंधी व्यवस्थाओं, नलकूपों की स्थिति, पाइपलाइन बिछाने तथा सीवर लाइन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता आशीष कुमार, सहायक अभियंता शेषमणि यादव सहित सभी जोनों के अवर अभियंता उपस्थित रहे और उन्होंने 60 प्रचलित कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक में स्पष्ट हुआ कि इंदिरापुरम से लेकर अन्य जोन तक कई स्थानों पर नए नलकूप लगाए जाने हैं, खराब नलकूपों को दोबारा बोर किया जाना है, जल पाइपलाइन को बदला या दुरुस्त किया जाना है और अनेक जगहों पर मैनहोल तथा सीवर लाइन की मरम्मत अत्यंत आवश्यक है। नगर आयुक्त ने इस पूरे कार्य-योजना की बिंदुवार जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि 33 ऐसे कार्य, जिनकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन्हें किसी भी दशा में जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह से धरातल पर शुरू कर दिया जाए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी निविदाएं पूरी करने के स्पष्ट आदेश दिए। इंदिरापुरम क्षेत्र में 30 हार्स पावर क्षमता वाले नलकूपों की दोबारा बोरिंग के साथ 15 हार्स पावर वाले पाँच नए नलकूपों की स्थापना को तत्काल आवश्यक बताया गया।

नगर आयुक्त ने लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से 12 नए नलकूप लगाने के कार्य को अनुमोदित करते हुए वार्ड 22 गगन एन्क्लेव और वार्ड 61 वसुंधरा सेक्टर-2 को इसमें शामिल किए जाने के निर्देश दिए। वहीं नीति खंड-1 में सात करोड़ की लागत से बनने वाले सम्पवेल, न्याय खंड में सात करोड़ की नई पाइपलाइन और इंदिरापुरम के अन्य इलाकों में पाँच करोड़ की लागत से पुरानी लाइनों के नवीनीकरण को भी तेज गति से प्रारंभ करने को कहा। नगर आयुक्त ने पानी की पाइपलाइन बिछाने, मैनहोल मरम्मत और सीवर लाइन निर्माण जैसे कार्यों को पाँचों जोनों में आवश्यकतानुसार त्वरित प्रभाव से शुरू करने की सख्त हिदायत दी। समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त ने यह भी पाया कि कई कार्य धीमी गति से चल रहे हैं।

उन्होंने अवर अभियंताओं को चल रहे सभी 60 कार्यों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का आदेश दिया और स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मलिन बस्तियों में जलापूर्ति को सुगम बनाने के लिए जलकल विभाग द्वारा पाँच हजार लीटर क्षमता वाले 20 नए जल-टैंकरों की खरीद हेतु निविदा प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ की जा चुकी है। नगर आयुक्त ने इस प्रक्रिया में और तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे गर्मी के दिनों में आमजन को राहत मिल सके। बैठक के अंत में नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के बाबुओं और लिपिकों की कड़ी क्लास लेते हुए कहा कि विभागीय कार्यों में तेजी लाना अनिवार्य है।

उन्होंने तीन दिन की समयसीमा तय करते हुए निर्देश दिया कि जलकल विभाग के सभी प्रचलित और नए कार्यों का विवरण 'जी.एन.एन. पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए और इसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। बैठक में लेखाधिकारी अनुराग भी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील-राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की सभी विधानसभा क्षेत्रों तथा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी इंद्रजीत सिंह टीटू ने विशेष अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, इसलिए कोई भी मतदाता अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करे।

उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के अंतर्गत मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है, अतः सभी पात्र नागरिक अपने दो पासपोर्ट आकार के चित्रों सहित भरा हुआ प्रपत्र तुरंत अपने क्षेत्र के मतदान सूची प्रेक्षक (बी.एल.ओ.) के पास जमा कर दें।

इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि देश का संविधान मताधिकार को सर्वोच्च अधिकार मानता है और हर नागरिक को अपने इस अधिकार को सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, समर्थकों, माताओं-बहनों और युवा साथियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नाम जोडने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और एक भी मत की शक्ति देश की दिशा बदल सकती है। टीटू ने कहा कि क्रांतिकारी अभिवादन के साथ मैं समस्त गाजियाबाद वासियों से निवेदन करता हूँ कि अपने क्षेत्र के मतदान सूची प्रेक्षक के पास जाकर तुरंत प्रपत्र जमा करें और अपने मताधिकार को सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि का इंतजार करने से अक्सर नाम जुडने में कठिनाई आती है, इसलिए समय रहते यह दायित्व पूरा करें।

उन्होंने प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता और व्यवस्था सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा भी की। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता के इस संदेश के बाद गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर तेजी आई है और लोगों को अपने प्रपत्र जमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# भागवत कथा-पूज्य अक्षयानन्द जी महाराज ने ब्रह्मा सृष्टि से प्रह्लाद चरित्र तक सुनाया दिव्य प्रसंग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नारायण भक्ति ज्ञान सत्संग मंडल द्वारा सेक्टर-2 वैशाली में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर पूज्य अक्षयानन्द जी महाराज ने दिव्य और ज्ञानवर्धक प्रवचन देकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और हर कोई महाराज जी की अमृतवाणी सुनकर भावविभोर हो उठा।

बुधवार को महाराज जी ने पावन प्रसंग में ब्रह्मा जी की उत्पत्ति से लेकर सृष्टि रचना तक का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ब्रह्मा जी ने सृष्टि विस्तार हेतु सनकादिक ऋषियों को उत्पन्न किया, मनुआदि दस पुरुषों का जन्म हुआ तथा दक्ष प्रजापति की चौरासी कन्याओं का विभिन्न ऋषियों के साथ विवाह संपन्न हुआ। महाराज जी ने दिति-अदिति, जय-विजय, हिरण्यकश्यप और हिरणाक्ष के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे दैत्य हिरणाक्ष ने पृथ्वी को समुद्र में ले जाकर छिपा दिया और किस प्रकार भगवान ने बाराह अवतार धारण कर हिरणाक्ष का अंत किया तथा पृथ्वी को पुनः जल से बाहर लाकर सृष्टि की रक्षा की। इसके बाद महाराज जी ने भक्त प्रह्लाद के जन्म, मनु-सतरूपा के प्रसंग, कपिल भगवान द्वारा आत्मज्ञान तथा स्वाध्याय का उपदेश, चारों तपों की महिमा, शिव-सती विवाह तथा दक्ष यज्ञ के विध्वंस जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया।

कथा का भावपूर्ण भाग तब आया जब महाराज जी ने राजा उत्तानपाद, सुरुचि-सुनीति और ध्रुव चरित्र का उल्लेख करते हुए बताया कि पाँच वर्ष की आयु में ध्रुव कैसे वन जाकर कठोर तप करते हैं और भगवान की कृपा प्राप्त करते हैं। महाराज जी ने आगे राजा भरत की कथा सुनाते हुए समझाया कि कैसे हिरण के शावक के प्रति भावनात्मक आकर्षण के कारण उन्हें अंत समय में हिरण योनि प्राप्त हुई। इसी क्रम में पापों की व्याख्या करते हुए उन्होंने अजामिल चरित्र का वर्णन किया-अजामिल ने ऋषियों के कहने पर अपने पुत्र का नाम 'नारायणज रखा और अंत समय में उसी नाम का स्मरण करने मात्र से वह परमधाम को प्राप्त हुआ।

कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर प्रसंग पर भावविभोर होकर जयघोष किया। पूज्य स्वामी जी ने इस अवसर पर कौशांबी थाना अध्यक्ष अजय शर्मा तथा पिंक चौकी प्रभारी दुष्यंत को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में अशोक वर्मा पूर्व पार्षद, डॉ. मनोज गोयल, सुभाष शर्मा, केपी यादव, गौरव अग्रवाल, शिवदत्त शर्मा, नरेंद्र वर्मा, शिवशंकर उपाध्याय, देवेंद्र गर्ग, फतेह सिंह, अमित गोयल, बिज्जी सिंह, दिनेश बिष्ट आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धमाकेदार अंदाज में जारी 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप






वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में 5 दिसंबर 2025 से शुरू हुई 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप अपने रोमांचक चरण में पहुंच चुकी है। प्रदेश की कुल 44 टीमों की भागीदारी से यह चैम्पियनशिप राज्य में आयोजित होने वाले सबसे बड़े और प्रतिष्ठित खेल आयोजन में शुमार हो गई है। पाँचवें दिन मंगलवार को हुए मुकाबलों ने इस प्रतियोगिता का उत्साह चरम पर पहुँचा दिया। इस अवसर पर जे.के.जी शिक्षा समूह के अध्यक्ष श्री जे.के. गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और खिलाडि?ों का मनोबल बढ़ाया। पाँच दिनों के संघर्ष के बाद टीमों की स्थिति बेहद दिलचस्प हो गई है और प्रतियोगिता का हर मुकाबला फाइनल जैसा तनाव और रोमांच समेटे हुए है। मंगलवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन देखने को मिला। पहले मुकाबले में बनारस लोको कार्यशाला (बी.एल.डब्ल्यू.) ने त्रि-टैंक अकादमी को कड़े संघर्ष में 79-71 से मात दी। दूसरे रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने हाथरस को 82-70 के अंतर से हराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीसरे महत्वपूर्ण मुकाबले में मेजबान गाजियाबाद ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए गोरखपुर को 58-36 के बड़े अंतर से पराजित किया और दर्शकों की जोरदार तालियाँ बटोरीं। चौथे मुकाबले में अलीगढ़ विश्वविद्यालय ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय (प्रयागराज) को 75-39 से हराकर निर्णायक जीत दर्ज की। इसके अतिरिक्त आगरा ने उत्तर रेलवे को 81-61 से परास्त कर अपने क्वार्टर फाइनल टिकट पर मुहर लगाई। वाराणसी और अनुसन्धान डिजाइन एवं मानक संगठन (आर.डी.एस.ओ.) के बीच होने वाला मुकाबला तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिया गया। दिन के अंतिम मुकाबले में मैनपुरी ने मथुरा को 44-31 से हराते हुए अगले चरण में जगह बनाई। इन सभी मैचों में खिलाडि?ों के दमदार बचाव, तेज आक्रमण और शानदार टीम तालमेल ने दर्शकों को बांधे रखा। प्रतियोगिता के अगले चरण में 10 दिसम्बर 2025 को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। अब गाजियाबाद का सामना बागपत से होगा, जबकि अलीगढ़ की टक्कर मेरठ से होगी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में बी.एल.डब्ल्यू. का सामना हाथरस से होगा और अंतिम मुकाबले में आगरा तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमें आमने-सामने होंगी। इन सभी मुकाबलों से यह तय होगा कि राज्य की किस टीम में सेमीफाइनल तक पहुँचने का दम है और किसे अपने प्रदर्शन को और निखारने की आवश्यकता है। इस आयोजन के दौरान खेल से इतर सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी प्रमुखता से उभरा। आयोजन समिति और मुख्य अतिथि ने खेल मैदान में उमड़ते युवा उत्साह को देखकर यह संदेश और अधिक प्रासंगिक लगता है कि युवाओं को नशा-मुक्त वातावरण प्रदान करना ही उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। नेहरू विश्व विद्यालय में जारी यह चैम्पियनशिप न केवल बास्केटबॉल प्रेमियों के लिए उत्सव बन चुकी है, बल्कि यह प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने का भी बड़ा माध्यम साबित हो रही है। खिलाडि?ों के खेल प्रदर्शन, आयोजकों की व्यवस्था, और दर्शकों की ऊर्जा-सब मिलकर इस प्रतियोगिता को यादगार बना रहे हैं। आगामी क्वार्टर फाइनल मुकाबलों से अब खेलप्रेमियों को और अधिक रोमांच, संघर्ष और कौशल देखने की उम्मीद है।

# वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली के लिए तैयार कांग्रेस 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे कार्यकर्ता



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी 14 दिसम्बर को राजधानी दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय 'वोट चोर-गद्दी छोड़ज रैली को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में पूरी ताकत से जुट गई है। इस सिलसिले में मुरादनगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस समिति सदस्य देव दत्त त्यागी के फार्म हाउस पर बुधवार को आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली कूच करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बब्बर शेर 14 तारीख को दिल्ली में लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा और संयोजक राजकुमार शर्मा ने की। इसमें रैली की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यकताओं से अपील की गई कि वे जनपद गाजियाबाद से भारी तादाद में शामिल हों और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी मजबूत हिस्सेदारी दर्ज कराएँ।

मुरादनगर कस्बे, ब्लॉक और मंडलों के अनेक पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकताओं ने भरोसा दिलाया कि मुरादनगर क्षेत्र से 500 से अधिक कांग्रेसजन दिल्ली रैली में शामिल होंगे और इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में मौजूद सभी विभागों के पदाधिकारियों ने रैली को सफल बनाने के लिए टीम भावना से कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

बैठक में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉली त्यागी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, भुवनेश्वर भारद्वाज, जिला महासचिव विश्वदीप त्यागी, अधिवक्ता तरुण शर्मा, जिला सचिव विवेक त्यागी, विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष श्रीपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस समिति सदस्य देव दत्त त्यागी, हाजी रियासत अली सहित अन्य मंडल अध्यक्षों ने सक्रिय रूप से शिरकत की और रैली को सफल बनाने के लिए संगठन की भूमिका पर चर्चा की।

बैठक में वक्ताओं ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनभागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की कि वे राजनीति में जागरूकता और सक्रियता बढ़ाएँ। साथ ही बैठक में उन्होंने कहा कि राजनीति, समाज और सरकार-तीनों को मिलकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और सकारात्मक दिशा देने की आवश्यकता है। दिल्ली रैली को लेकर कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखा गया और सभी ने एक स्वर में कहा कि 14 दिसंबर का दिन कांग्रेस के लोकतांत्रिक संघर्ष की नई शुरूआत साबित होगा।

## स्टार्टअप कंपनी के खिलाफ लाखों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र के इंदिरापुरम थाना अंतर्गत एक स्टार्टअप कंपनी द्वारा व्यापारियों के साथ की गई धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, कंपनी ने लाखों रुपये का माल लेने के बाद भुगतान नहीं किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा निवासी सुभित महाजन ने बताया कि उन्होंने अपने मित्र यश निगम के साथ मिलकर द चक्की प्रोजेक्ट के नाम से स्टार्टअप शुरू किया है। इस कंपनी के माध्यम से खाद्य उत्पादों का कारोबार किया जाता है। सुभित महाजन ने आगे कहा कि दिल्ली की कंपनी अतुल्य एग्रो फूड ने उन्हें दो टन सरसों का तेल और एक टन गेहूं के जाटे का ऑर्डर दिया।

कंपनी संचालक मुकेश श्रीवास्तव और उनके विक्रय प्रतिनिधि पवन कुमार ने माल पहुंचाने के समय भुगतान का आश्वासन दिया था। लेकिन माल की डिलीवरी के बाद केवल 50 प्रतिशत भुगतान ही किया गया। सुभित महाजन ने बताया कि बकाया राशि के लिए जब अतुल्य एग्रो फूड से संपर्क किया गया तो पता चला कि कंपनी का कार्यालय खाली कर दिया गया है। जांच के दौरान यह भी पता चला कि अतुल्य एग्रो फूड ने कई अन्य कारोबारियों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है। इस संबंध में डीसीपी ट्रांस हिंडन को शिकायत दी गई।

# राज्यमंत्री ने किया माता रमाबाई पुस्तकालय व टैबलैब का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ग्राम अबुपुर, मुरादनगर में समाज कल्याण विकास विभाग की एकीकृत विकास योजना के तहत निर्मित सामुदायिक केन्द्र तथा उसके भीतर समाज कल्याण विभाग द्वारा स्थापित माता रमाबाई पुस्तकालय और टैबलैब का लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को किया। यह केन्द्र 31.72 लाख रुपये की स्वीकृत धनराशि से निर्माण निगम द्वारा निर्मित किया गया है, जबकि पुस्तकालय और टैबलैब का निर्माण समाज कल्याण विभाग द्वारा रु. 25.815 लाख की लागत से कराया गया है। उद्घाटन के अवसर पर राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें, शिक्षा को अपनाएँ और समाज में समानता का संदेश फैलाएँ। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत इस केन्द्र में कोचिंग कक्षाओं का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक माँगपत्र तत्काल प्रेषित किया जाए। राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषित पायलट योजना में जनपद गाजियाबाद भी सम्मिलित है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और जिनका आधार कार्ड गरीबी रेखा से नीचे वाले राशन कार्ड (बी.पी.एल. कार्ड) से जुड़ा हुआ है, उन्हें पेंशन की सुविधा पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पात्र वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी मध्यस्थ और बिना किसी जटिल प्रक्रिया के सीधे लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, मोदीनगर की विधायक मंजू सिवाच, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कन्नौजिया, भोजपुर क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सुचेता सिंह तथा मोदीनगर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी, विकास अनुभाग के जिला समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह, डॉ. अम्बेडकर समाज समिति के सदस्य, ग्रामवासी तथा विभागीय कर्मचारी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के दौरान राज्यमंत्री असीम अरुण ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य हर वर्ग तक शिक्षा, सुविधा और सम्मान पहुँचाना है। इसी क्रम में उन्होंने आबकारी विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध की जा रही सतत और कठोर कार्यवाही की सराहना भी की।